दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शुक्रवार 28 अगस्त 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1164

## संक्षिप्त खबरें ।

### शरिया कानून पर ट्रंप का बड़ा फैसला, प्रतिबंध लगाने वाले कानून का करेंगे समर्थन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साक्षात्कार के दौरान स्पष्ट किया है कि वे देश में शरिया कानून पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाले किसी भी कानून का पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने अपना यह तर्क दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका में केवल एक ही कानूनी व्यवस्था लागू होनी चाहिए।

**साक्षात्कार के दौरान ट्रंप के तीखे तेवर:** यह टिप्पणियां राष्ट्रपति ट्रंप ने रूढ़िवादी प्रसारक ग्लेन बेक के साथ एक इंटरव्यू में कहीं। जब बेक ने उनसे पूछा कि क्या वे अमेरिका में शरिया कानून विरोधी अधिनियम जैसे किसी कानून पर हस्ताक्षर करेंगे या उस पर जोर डालेंगे, तो ट्रंप ने इसके जवाब में दो टूक कहा, "हां, शरिया कानून के बारे में मैं बिल्कुल साफ तौर पर कहूंगा कि यह इस देश के लिए नहीं है। यहां किसी भी तरह का शरिया कानून नहीं चलेगा।" हालांकि, राष्ट्रपति ने यह दावा भी किया कि अमेरिका के कुछ हिस्सों में इस व्यवस्था का पालन किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने न तो उन स्थानों के नाम बताए और न ही अपने इस दावे के समर्थन में कोई पुख्ता सबूत पेश किया।

**यूरोप की राजधानियों और दोहरी व्यवस्था पर चिंता:** अमेरिकी कानूनी व्यवस्था के साथ इस्लामिक धार्मिक कानून के प्रभाव का विरोध करते हुए ट्रंप ने यूरोप के कई प्रमुख शहरों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि जब आप लंदन या पेरिस जैसे शहरों में जाते हैं, तो वहां की जीवनशैली बिल्कुल अलग और विचित्र नजर आती है। उन्होंने इस बात का भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे पर आम समझ (कॉमन सेंस) के साथ खड़े हैं। ट्रंप ने कहा, "यह विचारधारा से ज्यादा आम समझ का मामला है। अच्छी राजनीति का अर्थ ही व्यावहारिक समझ है, और मैं शरिया कानून पर रोक लगाने की बात पर पूरी तरह कायम रहूंगा।" हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे इसके लिए कोई नया संघीय कानून लाएंगे, कोई कार्यकारी आदेश जारी करेंगे या कांग्रेस के किसी प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में केवल एक ही बेहतरीन कानूनी प्रणाली होनी चाहिए। साक्षात्कार के दौरान बातचीत को इस्लाम और डेमोक्रेटिक सोशलिस्टों के गठजोड़ से जोड़ते हुए जब बढ़ती महंगाई को लेकर युवा अमेरिकियों के भविष्य पर सवाल पूछा गया, तो राष्ट्रपति ट्रंप ने इसके लिए सीधे तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी को जिम्मेदार ठहराया।

# नेपाल में 'जलप्रलय' से मचा हाहाकार, भारत की बढ़ी टेंशन, क्या भारत की सीमा के पास बन रहा चीन का बांध 'वाटर बम' जैसा?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रक्सौल।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। घर, सड़कें और बिजली परियोजनाएं बह गई हैं। इस आपदा में अब तक 162 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 750 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में 133 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। नेपाल में आई इस तबाही को लेकर चीन पर भी सवाल उठ रहे हैं। नेपाल का आरोप है कि चीन के केरुंग इलाके में झील टूटने के बाद भारी मात्रा में पानी नेपाल की ओर आया। उसका दावा है कि अगर चीन ने समय रहते इसकी जानकारी दी होती तो नेपाल में पहले से अलर्ट जारी किया जा सकता था और नुकसान को कम किया जा सकता था।



**नेपाल में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है**

घर, सड़कें और बिजली परियोजनाएं बह गई हैं। इस आपदा में अब तक 162 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 750 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में 133 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। नेपाल में आई इस तबाही को लेकर चीन पर भी सवाल उठ रहे हैं। नेपाल का आरोप है कि चीन के केरुंग इलाके में झील टूटने के बाद भारी मात्रा में पानी नेपाल की ओर आया। उसका दावा है कि अगर चीन ने समय रहते इसकी जानकारी दी होती तो नेपाल में पहले से अलर्ट जारी किया जा सकता था ।

इस घटना ने भारत की चिंता भी बढ़ा दी है। सवाल उठ रहा है कि क्या नेपाल में आई बाढ़ और चीन की गतिविधियों के बीच कोई संबंध है? साथ ही, भारत की सीमा के करीब बन रहा चीन का विशाल मेडोग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट क्या भविष्य में 'वाटर बम' जैसा खतरा पैदा कर सकता है? आइए पूरे मामले को समझते हैं।

**नेपाल की बाढ़ ने बढ़ाई भारत की चिंता :** नेपाल के रसुवा जिले में बुधवार को भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई। यह नदी तिब्बत के शिशापांगमा पर्वत क्षेत्र से निकलती है और नेपाल में प्रवेश करने के बाद सिंधुपालचोक और रसुवा जैसे जिलों से होकर बहती है। नेपाल का दावा है कि चीन के केरुंग इलाके में एक झील के टूटने से अचानक भारी मात्रा में पानी नेपाल की ओर आया। अधिकारियों के मुताबिक, करीब 2 करोड़ घन मीटर पानी नेपाल पहुंचा। नेपाल का कहना है कि यदि चीन की ओर से समय रहते चेतावनी दी जाती तो स्थानीय प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी कर सकता था। हालांकि, इस घटना में चीन की भूमिका और बाढ़ के सटीक कारणों को लेकर जांच और विस्तृत जानकारी की जरूरत है। ऐसे में किसी एक कारण को अंतिम रूप से जिम्मेदार ठहराने से पहले आधिकारिक जांच के निष्कर्ष महत्वपूर्ण होंगे।

**भारत के लिए क्यों अहम है मेडोग प्रोजेक्ट ?:** नेपाल की घटना के बाद भारत की नजर चीन की उस विशाल जलविद्युत परियोजना पर भी गई है, जिसे चीन तिब्बत में भारत की सीमा के बेहद करीब बना रहा है। मेडोग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट अरुणाचल प्रदेश की सीमा से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बताया जाता है।

चीन ने इस परियोजना को मंजूरी दी थी और 2025 में इसके निर्माण की शुरुआत हुई। यह परियोजना यारलुंग त्सांगपो नदी के एक बड़े मोड़ पर बनाई जा रही है। यही नदी भारत में प्रवेश करने के बाद सियांग और आगे असम में ब्रह्मपुत्र के नाम से जानी जाती है। योजना के मुताबिक, करीब 250 किलोमीटर लंबी घाटी में पांच बांध बनाए जाने हैं। परियोजना की प्रस्तावित क्षमता करीब 60 गीगावाट बताई जाती है और इसके 2033 के आसपास पूरा होने का अनुमान है।

**पाल की बाढ़ ने बढ़ाई भारत की चिंता:** नेपाल के रसुवा जिले में बुधवार को भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई। यह नदी तिब्बत के शिशापांगमा पर्वत क्षेत्र से निकलती है और नेपाल में प्रवेश करने के बाद सिंधुपालचोक और रसुवा जैसे जिलों से होकर बहती है। नेपाल का दावा है कि चीन के केरुंग इलाके में एक झील के टूटने से अचानक भारी मात्रा में पानी नेपाल की ओर आया। अधिकारियों के मुताबिक, करीब 2 करोड़ घन मीटर पानी नेपाल पहुंचा। नेपाल का कहना है कि यदि चीन की ओर से समय रहते चेतावनी दी जाती तो इतनी तबाही नहीं मचती।

## नेपाल में लापता हुए 288 भारतीय नागरिक, किन राज्यों के हैं? विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी, स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया गया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**वीरगंज ।** नेपाल में आए सैलाब ने पूरी तरह से तबाही मचा दी है। सैलाब की चपेट में आने से अब तक 270 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 1000 से ज्यादा लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। नेपाल पुलिस के मुताबिक, अब तक बरामद शवों में चितवन से 108, नवलपरासी पूर्व से 62, धादिंग से 27, गोरखा से 20, रसुवा से 17, नवलपरासी पश्चिम से 15, नुवाकोट से 12 और तनहुन से नौ शव बरामद किये गये हैं। इस बीच डराने वाली खबर ये भी सामने आई है कि नेपाल में आई त्रासदी में 288 भारतीय नागरिक भी लापता हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस बारे में पूरी जानकारी साझा की है। अभी भी कई लाशें नदी में मिल रही है। लापता लोगों की तलाश जारी है।

भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि PM मोदी ने कल नेपाल के प्रधानमंत्री से बात की और कहा कि भारत उनके साथ खड़े है। नेपाल में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए विदेश मंत्रालय में एक विशेष 24x7 कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

**कंट्रोल रूम से इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है**

टेलीफोन नंबर
+91 11 2308 8718
+91 11 2308 8719
WhatsApp कॉल/मैसेज के लिए: +919968291988
ईमेल: situationroom@mea.gov.in
काठमांडू में भारतीय दूतावास के इमरजेंसी संपर्क नंबर ये हैं: (इन पर WhatsApp के जरिए भी संपर्क किया जा सकता है)
+977 985 131 6807
+977 970 910 7500
+977 981 032 6117
नेपाली अधिकारियों से भी इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है:_
टूरिस्ट पुलिस: +977 9851289445
नेपाल सेना: +977 9851072914
(ईमेल: dgmi-foreign@inepalarmy.mil.np)
NDRRMA: +977 9851320269/+9779849281097 /NDRRMA_Nepal
रसुवा पुलिस: +977 9851254960
असिस्टेंट चीफ़ डिस्ट्रिक्ट ऑफ़िसर, रसुवा: +977 9851164422
नुवाकोट पुलिस: +977 9851282380
असिस्टेंट चीफ़ डिस्ट्रिक्ट ऑफ़िसर, नुवाकोट: +977 9851248777
धाडिंग पुलिस: +977 9851229860
चीफ़ डिस्ट्रिक्ट ऑफ़िसर, धाडिंग: +977 9851247777
चितवन पुलिस: +977 9855013999
असिस्टेंट चीफ़ डिस्ट्रिक्ट ऑफ़िसर, चितवन: +977 9855088891

## बंगाल SIR पर बवाल: 91% नाम फिर जुड़े, कांग्रेस ने उठाए सवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी SIR को लेकर सियासी विवाद बढ़ गया है। चुनाव आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, अब तक निपटाई गई 82,782 अपीलों में से 75,443 मामलों में मतदाताओं के नाम दोबारा सूची में बहाल किए गए हैं। यह कुल निपटाए गए मामलों का करीब 91 प्रतिशत है। वहीं, 7,339 दावे खारिज किए गए हैं।

इन आंकड़ों के सामने आने के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी का दावा है कि SIR के दौरान बड़ी संख्या में योग्य मतदाताओं के नाम हटाए गए और बाद में अपील के जरिए उन्हें फिर से सूची में शामिल किया गया।



**SIR के दौरान कितने नाम हटे ?:** RTI से मिले जवाब का हवाला देते हुए कांग्रेस सांसद ईशा खान चौधरी ने बताया कि SIR प्रक्रिया के दौरान 27,28,500 लोगों को अयोग्य घोषित किया गया था। इसके बाद कुल 38,10,620 अपीलें दाखिल किए जाने की जानकारी सामने आई। कांग्रेस सांसद ने इन आंकड़ों के बीच करीब 10,82,120 अपीलों के अंतर पर सवाल उठाया है। चौधरी ने यह भी सवाल उठाया कि क्या अतिरिक्त अपीलें उन मतदाताओं के नाम हटाने के लिए दाखिल की गईं, जिन्होंने इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में मतदान किया था।

**कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर लगाए आरोप:** कांग्रेस ने इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधा है। पार्टी का आरोप है कि पश्चिम बंगाल में SIR के जरिए मतदाताओं के नाम हटाए गए और बाद में उनमें से बड़ी संख्या में नाम फिर से वोटर लिस्ट में शामिल किए गए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से भी इस मुद्दे को उठाया और इसे 'वोट चोरी' से जोड़ते हुए चुनाव आयोग तथा प्रधानमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए। हालांकि, ये कांग्रेस के राजनीतिक आरोप हैं।

**ईशा खान चौधरी ने जताई चिंता:** कांग्रेस सांसद ईशा खान चौधरी ने कहा कि निपटाए गए मामलों में करीब 91 प्रतिशत नामों का दोबारा जुड़ना इस बात की ओर इशारा करता है कि शुरुआत में वास्तविक और योग्य मतदाताओं के नाम हटाए गए थे।

उन्होंने दावा किया कि इससे प्रभावित नागरिकों के बीच डर और अनिश्चितता की स्थिति बनी और उन्हें सरकारी योजनाओं तथा रोजगार से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा मामला:** SIR प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वाले कांग्रेस नेता प्रसेनजित बोस ने भी आंकड़ों को लेकर सवाल उठाए हैं। उनके मुताबिक, हटाए गए करीब 27 लाख मतदाताओं में से केवल लगभग 7 लाख लोग ही स्वयं अपील कर सके। बोस का दावा है कि बाकी अपीलें चुनाव आयोग या अन्य लोगों की ओर से सामूहिक रूप से दाखिल की गईं। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों का उद्देश्य वास्तविक रूप से हटाए गए मतदाताओं को वापस सूची में शामिल करना था।

# नेपाल के रसुवा-नुवाकोट में बह गई बस्तियां, मलबे में तब्दील गांव, सैकड़ों लापता, अब सेना ने संभाला मोर्चा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**काठमांडू।** नेपाल में बुधवार को आई भीषण बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है. बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान और विदेशी पर्यटक लापता हैं. इसे हाल के वर्षों में देश की सबसे भीषण आपदाओं में से एक माना जा रहा है. मीडियाकी टीम ग्राउंड जीरो पर मौजूद है. मीडिया नेपाल से बहने वाली त्रिशूली नदी पर बने वाल्मीकि नगर वॉटर रिज़र्वोयर और भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बैराज पर पहुंचा और वहां की स्थिति को समझा



**कई बस्तियों को बहा ले गया बाढ़ का पानी :** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ ही मिनटों में बाढ़ का पानी तेजी से नीचे की ओर बहने लगा और नेपाल के रसुवा, नुवाकोट और धाडिंग जिलों में बसी कई बस्तियों को बहा ले गया. NDTV नुवाकोट पहुंचा, जहां ज्यादातर इलाकों में बाढ़ का पानी उतर गया है, लेकिन घरों, सड़कों, पुलों और सामुदायिक जगहों पर कई मीटर गाद जमा हो गई है, जिससे खोज और बचाव का काम मुश्किल हो गया है।

**सेना ने संभाला मोर्चा:** लापता लोगों को तलाशना और आपदा में फंसे लोगों तक राहत पहुंचाना अब सबसे बड़ी जंग है. इस काम का मोर्चा अब सेना ने उठाया है. सेना हेलीकॉप्टर के जरिए लोगों को मदद पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

**300 भारतीय लापता: विदेश मंत्री शिशिर खनाल:** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने काठमांडू में NDTV वर्ल्ड के 'एनडीटीवी अन्वीक्षा: आइडियाज अक्रॉस बॉर्डर्स' कार्यक्रम में बताया कि लापता हुए 500 से ज्यादा विदेशियों में लगभग 300 भारतीय शामिल हैं. उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से दुनिया भर की सरकारों के संपर्क में भी रहा हूं और कोई भी देश उसी तरह की मदद की उम्मीद करता है, जैसा भारत कर रहा है।

**सड़कें बंद, रोका गया ट्रैफिक:** नेपाल पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण नौ जिलों में कई सड़क मार्ग बाधित हुए हैं, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं. कुछ स्थानों पर कीचड़ और चट्टानों के जमा होने से सड़कें बंद हो गई हैं, जबकि अन्य जगहों पर बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए यातायात रोक दिया गया है।

# राम मंदिर में 2 सितंबर को होगा बड़ा फैसला! ट्रस्ट के नए मॉडल से बदल जाएगी व्यवस्था?

**लोक तंत्र की आवाज**

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सामने अब मंदिर और उससे जुड़ी बढ़ती व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं पेशेवर तरीके से संचालित करने की चुनौती है। इसी को देखते हुए ट्रस्ट में प्रस्तावित मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी CEO के पद को लेकर कवायद तेज हो गई है।



**नाम से पहले तय होंगे अधिकार:** ट्रस्ट फिलहाल किसी व्यक्ति के नाम पर विचार करने से पहले यह तय करने में जुटा है कि CEO के पास कितने अधिकार होंगे और उसकी जवाबदेही किसके प्रति होगी। ऐसे में यह पद केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि ट्रस्ट के कामकाज के भविष्य के मॉडल की नींव माना जा रहा है।

**2 सितंबर की बैठक होगी अहम:** सूत्रों के अनुसार, 2 सितंबर को होने वाली ट्रस्ट की बैठक में CEO के कार्य, अधिकार, जिम्मेदारियों और जवाबदेही के प्रस्तावित ढांचे पर अहम चर्चा हो सकती है। सदस्यों की सहमति बनने के बाद इस व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इसके बाद ही CEO पद के लिए संभावित नामों पर विचार आगे बढ़ने की संभावना है। फिलहाल किसी भी नाम को अंतिम नहीं माना जा रहा है।

**महासचिव और CEO की भूमिका पर मंथन :** CEO की नियुक्ति से पहले ट्रस्ट के सामने सबसे बड़ा सवाल उसके कार्यक्षेत्र को लेकर है। खास तौर पर यह तय करना जरूरी होगा कि CEO की भूमिका ट्रस्ट के महासचिव और अन्य पदाधिकारियों से किस तरह अलग होगी। ट्रस्ट इसी बिंदु पर विस्तृत खाका तैयार कर रहा है, ताकि भविष्य में अधिकारों और जिम्मेदारियों को लेकर किसी तरह का टकराव न हो।

**पहले तय होगा CEO क्या करेगा:** मौजूदा कवायद में ट्रस्ट का फोकस किसी चेहरे से ज्यादा पद की भूमिका तय करने पर है। यानी पहले यह तय किया जाएगा कि CEO किन मामलों में निर्णय ले सकेगा, उसकी जिम्मेदारियां क्या होंगी और किन महत्वपूर्ण फैसलों के लिए ट्रस्ट या उसके पदाधिकारियों की मंजूरी जरूरी होगी।

**प्रवक्ता की नियुक्ति पर भी नजर:** 2 सितंबर की बैठक केवल CEO व्यवस्था के कारण ही अहम नहीं है। ट्रस्ट के प्रवक्ता और कुछ रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर भी इसी बैठक में फैसला होने की संभावना है। प्रवक्ता पद के लिए कई नाम चर्चा में बताए जा रहे हैं। इनमें राज परिवार के सदस्य यतींद्र मोहन मिश्र का नाम भी शामिल है। संभावना जताई जा रही है कि उन्हें ट्रस्ट में सदस्य के रूप में शामिल कर प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**रिक्त पद पर संघ पदाधिकारी का नाम :** वहीं, डॉ. अनिल मिश्र के इस्तीफे से खाली हुए पद पर किसी संघ पदाधिकारी की नियुक्ति लगभग तय मानी जा रही है। हालांकि इन सभी मामलों में अंतिम फैसला ट्रस्ट की बैठक में ही होगा। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि 2 सितंबर की बैठक के बाद राम मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था किस नए रूप में सामने आएगी।

## युवाओं के मन में आने चाहिए नए आइडिया', जेन-Z के साथ खेलो इंडिया संवाद में बोले पीएम मोदी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश के Gen-Z के साथ सीधा संवाद किया। खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली रूप से इस कार्यक्रम में जुड़े। पीएम मोदी ने कहा कि युवाओं के मन में नए आइडिया आने चाहिए। खेल हमें जिंदगी की चुनौतियों से लड़ना सिखाते हैं।



**लाल किले से रखा गया भारत का स्पोर्ट्स विजन :** पीएम मोदी ने कहा, 'इस 15 अगस्त को मैंने लाल किले से देश के सामने भारत का स्पोर्ट्स विजन रखा। जब मैं खेलों की बात करता हूं, तो यह सिर्फ मेडल जीतने तक सीमित नहीं है। यह एक विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेल क्षमता और युवा शक्ति को एकजुट करने का अभियान है।

**जो खेलते हैं, वे खिलते हैं- पीएम मोदी :** पीएम मोदी ने कहा, 'जो खेलते हैं, वे खिलते हैं और खेल में 'खिलने' का मतलब सिर्फ मैदान पर जीतना नहीं है। इसका मतलब है व्यक्ति और परिवार का विकास होना। साथ ही देश का मान बढ़ाना। जब कोई खिलाड़ी सफल होता है, तो वह सफलता सिर्फ उसकी नहीं होती। इससे उसके परिवार की पहचान बढ़ती है। उसके स्कूल और कॉलेज का मान बढ़ता है। उसके जिले और राज्य की पहचान मजबूत होती है। दुनिया उस शहर या राज्य को उस खिलाड़ी के नाम से पहचानने लगती है।'

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं और खेलों को नई प्राथमिकता मिली है। पीएम मोदी ने युवाओं को भारत का उज्ज्वल वर्तमान और भविष्य मानते हुए उन्हें 'विकसित भारत' के संकल्प से जोड़ा है।

# अखिलेश यादव ने भाजपा को बताया दुकानदार, बोले- जेपी को बेचने वाली पार्टी BJP को भी बेच देगी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी को दुकानदार की संज्ञा दी। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के साथ मीडिया से भी वार्ता की।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नहीं दुकानदार है। बीजेपी ने तो जेपी को बेच दिया, भाजपाइयों का बस चले तो बीजेपी भी बेच दें। योगी आदित्यनाथ सरकार के लखनऊ के जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को 30 वर्ष की लीज पर देने के पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है।



सपा प्रमुख ने कहा कि बीजेपी ने जेपी को बेच दिया है, बीजेपी में भी जेपी है। बीजेपी ने अपने ही जेपी (जय प्रकाश नारायण) को बेच दिया है। जब भाजपा का गठन हुआ था तो उन्होंने जेपी की तस्वीर लगाई थी, क्योंकि उनके पास कोई समाजवादी चेहरा नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गरीबों की जेब से पैसा निकालकर अमीरों की तिजोरी भरने का काम कर रही है

पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि जेपीएनआईसी का शिलान्यास जब हुआ था, उस समय नेताजी मुलायम सिंह यादव और कई वरिष्ठ समाजवादी नेता मौजूद थे। सरकार बदलने के बाद इस प्रोजेक्ट का काम रुक गया था।

उन्होंने कहा कि जब समाजवादी सरकार दोबारा सत्ता में आई तो काम फिर शुरू कराया गया। उस समय ऐसी बिल्डिंग बनाने की कल्पना की गई थी, जो जयप्रकाश नारायण और उनकी विचारधारा से जुड़े लोगों के योगदान का संदेश दे। जेपीएनआईसी को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया था। यह बिल्डिंग करीब 20 एकड़ जमीन में जनता के पैसे से बनाई गई है। सवाल यह नहीं है कि इसे किस सरकार ने बनाया, सवाल ये है कि इसे निजी हाथों में क्यों दिया गया।

# ममता बनर्जी की टीएमसी से बगावत करने वाले 20 सांसदों को नोटिस के बाद विधायकों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' की तैयारी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (TMC) का आंतरिक घमासान अभी भी थमा नहीं है. ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस बागियों को सबक सिखाने के लिए आक्रामक मोड में है. 15 साल तक पश्चिम बंगाल में सरकार चलाने वाली पार्टी की चुनावी हार के बाद 20 सांसद बागी हो गये थे. इन बागी सांसदों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट और लोकसभा अध्यक्ष की अदालत में अयोग्यता याचिका दायर होने के बाद ममता बनर्जी गुट अब बागी विधायकों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' की रणनीति बना रहा है।



**लोकसभा सचिवालय से बागी सांसदों को नोटिस:** यह घटनाक्रम लोकसभा सचिवालय द्वारा तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों को अयोग्यता याचिकाओं पर एक सप्ताह के भीतर अपनी सफाई और टिप्पणियां प्रस्तुत करने के संबंध में जारी किये गये कारण बताओ नोटिस के ठीक बाद सामने आया है।

**विधायकों के खिलाफ 'सर्जिकल स्ट्राइक' की तैयारी:** ममता बनर्जी खेमे के वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी ने दावा किया है कि संसद में बागी सांसदों पर कार्रवाई पूरी होते ही पश्चिम बंगाल के बागी टीएमसी विधायकों के खिलाफ अगला कदम उठाया जायेगा. ममता बनर्जी गुट के सूत्रों का दावा है कि कई बागी विधायक पहले से ही पार्टी के संपर्क में हैं. वे जल्द घर वापसी कर सकते हैं. जो पार्टी में नहीं लौटेंगे, उनके खिलाफ दलबदल विरोधी कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की जा रही है। संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत स्पीकर कार्यालय द्वारा 2 महीने बाद यह कार्रवाई एक बड़ा मोड़ है.

**20 बागी सांसदों को लोकसभा सचिवालय का नोटिस:** ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी द्वारा दायर याचिका पर संज्ञान लेते हुए लोकसभा सचिवालय ने 25 अगस्त को 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी किया है. दलबदल विरोधी कानून के तहत सांसदों से 'संसदीय दलबदल (अयोग्यता) नियम, 1985' के नियम 7(3) के तहत 7 दिन के भीतर स्पष्टीकरण और जवाब देने को कहा गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 12 रबीउल अव्वल पर कोंच प्रखंड के गांवों में निकला जुलूस, दिया अमन-भाईचारे का संदेश



**महताब अंसारी,**
**कोंच (गया)।** 12 रबीउल अव्वल पर बुधवार को कोंच, काबर, उसास देवरा, ढिबरी, नेहोरा, राजा बिगहा समेत कई गांवों में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर स्थानीय स्तर पर जुलूस निकाला गया। अकीदतमंदों ने नात–ए–पाक पढ़ते हुए अमन, शांति, इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। राजा बिगहा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सेराज अंसारी ने कहा कि पैगंबर–ए–इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने पूरी मानवता को मोहब्बत और भाईचारे की राह दिखाई। नेहोरा गांव निवासी अरशद अंसारी कहा कि ईद मिलादुन्नबी हमें पैगंबर साहब की शिक्षाओं को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। वहीं मौलाना अफजल रजा मिस्बाही ने कहा कि पैगंबर–ए–इस्लाम की सीरत पूरी इंसानियत के लिए मार्गदर्शन का स्रोत है और उनके संदेश को समाज में फैलाने की जरूरत है। बताते चलें कि कोंच प्रखंड के कई गांवों में मुस्लिम आबादी छिटपुट है। कहीं पांच, कहीं 15 तो कहीं करीब 30 परिवार होने के कारण बड़े जुलूस की बजाय स्थानीय स्तर पर आयोजन किए गए। सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए।

### शांति निकेतन एकेडमी की सभी शाखाओं में 'पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति' पर केंद्रित रक्षाबंधन का पावन पर्व धूमधाम से मनाया



**गया जी।** शांति निकेतन एकेडमी की तीनों शाखाओं–एपी कॉलोनी, कटारी हिल रोड और गोविंदपुरम् रौना चाकंद में 'सतत और पर्यावरण–अनुकूल संबंधों को बढ़ावा देना' विषय के तहत रक्षाबंधन का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने न केवल अपने सहपाठियों को राखी बांधकर आजीवन मित्रता का संकल्प लिया है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों को भी रक्षासूत्र बांधा और उनके संरक्षण व संवर्धन की शपथ ली है। इस अनूठी पहल में छात्रा तेजश्री और रीति ने पौधों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्ज कराई है। इस समारोह के दौरान बच्चों के लिए हस्तनिर्मित राखी क्राफ्ट गतिविधि का आयोजन किया गया है, जिसमें ओजस्वी और सुदीक्षा ने बढ़–चढ़कर भाग लिया, वहीं नर्सरी कक्षा की छात्रा जायरा और यशफीन सहित नन्हे–मुन्ने बच्चों ने रंग–बिरंगे रिबन से आकर्षक राखियां बनाई है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में जूनियर केजी की छात्रा सृष्टि व काव्या तथा सीनियर केजी की छात्रा सिमरा व इल्मा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया; इसके साथ ही विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के महत्व पर भाषण दिए व निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया है। इस अवसर पर शांति निकेतन एकेडमी के अध्यक्ष श्री हरि प्रपन्न ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में आपसी भाईचारे और 'हम' की भावना को बढ़ावा देते हैं, साथ ही उन्हें हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति व मूल्यों के और करीब लाते हैं।

### रजौली ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में रक्षाबंधन की धूम, विधायक को भी बांधी राखी

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के स्थित राज शिव मंदिर के पास प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र में गुरुवार को रक्षाबंधन का त्योहार अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जहां मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक विमल राजवंशी को ब्रह्माकुमारी बहनों ने पवित्र राखी बांधकर उनके स्वस्थ व सुखमय जीवन की मंगलकामना की। इस पावन अवसर पर सेवा केंद्र की प्रभारी पूर्णिमा दीदी ने पर्व के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भौतिक दूरी के इस दौर में केवल सांसारिक रूप से रक्षा संभव नहीं है,परमात्मा ही हम सभी के सच्चे रक्षक हैं और उनकी स्मृति से ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा व सुरक्षा का भाव उत्पन्न होता है।कार्यक्रम के दौरान आपसी प्रेम, भाईचारे और पवित्रता का संदेश प्रसारित किया गया, जिसमें बीके आरती, देववंती, रानी, रश्मि, करिश्मा, बीके कृष्ण मोहन, हीरा, रंजीत, किशोर और लीलावती माता सहित क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जंतर-मंतर पर सवर्ण आंदोलनकारियों की पिटाई के विरोध में नवादा में आक्रोश मार्च, मोदी-शाह के पुतले फूंके

लोक तंत्र की आवाज





**नवादा।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन की अनुमति नहीं दिए जाने और सवर्ण आंदोलनकारियों के साथ कथित पुलिस बर्बरता के विरोध में गुरुवार को नवादा में सवर्ण महासंघ के बैनर तले आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल सैकड़ों युवाओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुतले फूंके। आक्रोश मार्च की शुरुआत शहर स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक हॉल के समीप से हुई। बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के छात्र और युवा इसमें शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दिल्ली में अपने अधिकारों और मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने पहुंचे सवर्ण समाज के लोगों को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी गई। साथ ही पुलिस प्रशासन पर आंदोलनकारियों के साथ मारपीट करने और उन्हें हिरासत में लेकर दिल्ली से बाहर भेजने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने सवर्ण समाज के साथ कथित भेदभाव समाप्त करने, उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करने तथा सवर्ण समाज से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार से सकारात्मक पहल करने की मांग की। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आंदोलनकारियों ने यूजीसी बिल को वापस लेने और सवर्ण समाज के हितों की रक्षा करने की भी मांग उठाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के पुतले दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने आगामी चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का संकल्प लिया। अखिल भारतीय सामान्य जाति संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आयोजित इस आक्रोश मार्च में भाजपा नेता राजेश कुमार श्री, दिनेश अकेला, मनीष सिन्हा, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि सवर्ण समाज के अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर आंदोलन को आगे भी चरणबद्ध तरीके से जारी रखा जाएगा और समाज के अधिक से अधिक लोगों को आंदोलन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन भी सतर्क रहा। मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए सरकार विरोधी नारों के बीच संपन्न हुआ।

## नवादा : विधायक विभा देवी ने किया नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का दौरा



लोकतंत्र की आवाज

**नवादा 21 अगस्त ।** नवादा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , संसाधनों की उपलब्धता एवं छात्र छात्राओं को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित सदर विधायक विभा देवी का विद्यालय निरीक्षण कार्यक्रम आज भी जारी है । गुरुवार को विधायक ने नवादा नगर स्थित प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय , इंटर विद्यालय गोणावां, राजकीय अंबेडकर आवासीय इंटर विद्यालय गोंदापुर और इंटर विद्यालय भदैनी का दौरा किया ।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी एवं सदस्य वीणा देवी मौजूद रहीं । छात्र छात्राओं ने पुष्प गुच्छ , अंगवस्त्र एवं स्वागत गान के माध्यम से अपने विधायक का स्वागत किया । इसी कड़ी में कक्षाओं का निरीक्षण , छात्र छात्राओं से बातचीत , संसाधनों की उपलब्धता पर मंथन जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये गए और प्रबंध समिति के अधिकारियों एवं प्रधानाचार्य को आवश्यक निर्देश दिए गए । इनमें से गोनावां और भदौनी के विद्यालय में क्लास रूम की कमी देखी गई जिसकी शिकायत छात्राओं ने अपने विधायक से किया । इन विद्यालयों में पर्याप्त भूमि नहीं रहने के कारण कक्षाओं का निर्माण बाधित है । विधायक ने विभागीय पत्राचार और व्यक्तिगत मुलाकात के माध्यम से इस समस्या का समाधान ढूंढने का भरोसा दिया । इसी के साथ प्राचार्य और प्रबंध समिति को निर्देश दिया गया कि फिलहाल जितना संसाधन उपलब्ध है उसका बेहतर उपयोग हो और जो भी कमी है उसके लिए आवश्यक विभागीय संपर्क स्थापित किया जाय । विधायक के काफिले में ब्रजेंद्र कुशवाहा , अरुण सिन्हा , सुरेन्द्र यादव , अनिल प्रसाद सिंह , उमेश हरि , शंभू विश्वकर्मा , विश्वनाथ यादव समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद शामिल थे ।

## सावन हरियाली महोत्सव में झूमें




लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-रोह प्रखंड के रेड रोज पब्लिक स्कूल कुम्हरावां में सावन हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एक से बढ़कर एक नृत्य - संगीत की प्रस्तुति कर कलाकारों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। खासकर कजरी गीत पर नृत्य प्रस्तुति देख दर्शक दातों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो गए। सावन हरियाली महोत्सव का उद्घाटन शिक्षाविद सह समाजसेवी अविनाश न्यायालय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर इन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सभ्यता और संस्कृति को जीवंत रखना जरूरी ही नहीं अनिवार्य है। इसलिए विद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर निशा कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, मुस्कान कुमारी, माही कुमारी, चांदनी कुमारी, मानव प्रिया, राधा कुमारी, राजनंदनी कुमारी आदि कलाकारों की प्रस्तुति काफ़ी सराहनीय रही।

## तिब्बत में भीषण त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित कीः डा मनीष पंकज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में बुधवार को आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। अचानक आई बाढ़ और तेज जलप्रवाह के कारण बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। इस प्राकृतिक आपदा में कई भारतीय नागरिकों के भी लापता होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि लापता भारतीयों में कुछ श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे थे, जो अचानक आई भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए और उनके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस हृदयविदारक घटना ने देशभर के लोगों को गहरे शोक और चिंता में डाल दिया है।इस भीषण प्राकृतिक आपदा में लोगों के लापता होने और कई लोगों के जान गंवाने की सूचना से हर कोई दुखी है। संकट की इस घड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने लापता भारतीय नागरिकों तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अपनों के लापता होने का दर्द अत्यंत पीड़ादायक और असहनीय है। इस कठिन समय में हम सभी प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि लापता सभी भारतीय श्रद्धालुओं की शीघ्र सकुशल वापसी हो। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस भीषण त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में अपनों को खोने वाले परिवारों का दुःख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में मानवता और संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने भगवान विष्णु से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रभु इस कठिन घड़ी में शोकाकुल परिवारों को यह अपार दुःख और कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## अतिक्रमणमुक्त अभियान के तीसरे दिन एनएचएआई के नालियों पर से हटाया गया अतिक्रमण, घर का पानी नहीं बहेगा नाली में

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तीसरे दिन एनएचएआई के नालियों पर हुए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर आर के त्रिपाठी बुलडोजर टीम एवं पुलिस बलों के साथ मौजूद रहे। रजौली बाईपास में रजौली कैंटीन के साइड में सर्विस रोड के बगल में दर्जनों मकानों और दुकानों के द्वारा एनएचएआई के द्वारा बनाई गई नालियों से काफी ऊंचा करके पेवर ब्लॉक आदि बिछा दिया गया था। इस पेवर ब्लॉक के कारण मकानों और दुकानों का पानी एवं गंदगी नालियों में गिर जा रहा था। बीते छः महीनों से भी अधिक समय से सर्विस रोड के किनारे बने नाली पर के दर्जनों प्लेट टूटे पड़े हैं और नाली बिल्कुल खुला हुआ है। प्रोजेक्ट मैनेजर ने स्पष्ट किया नालियों को स्थानीय लोगों के अनियमित क्रियाकलाप के कारण क्षतिग्रस्त कर दिया गया है,जबकि नाली का निर्माण सिर्फ बारिश के पानी के लिए बनाया गया था। एनएचएआई के नाली में किसी के घर अथवा दुकान का पानी नहीं बहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घर और दुकान के आगे का समतलीकरण कर नाली से नीचे फर्श बनाया जा रहा है,ताकि भविष्य में बारिश के पानी का बहाव हो सके। इस दौरान मकानों व दुकानों के आगे बिछे पेवर ब्लॉक व निर्मित नाली एवं करकट नुमा स्ट्रक्चर को तोड़ दिया गया है। साथ ही उन्होंने नाली पर ढक्कन लगाने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण अभियान को देखते हुए हरदिया एवं आसपास के क्षेत्रों में अधिकांश लोगों ने स्वतः अतिक्रमण हटा दिया है। उन्होंने कहा कि प्राणचक मोड़ के समीप भी कुछ मकान और दुकान एनएचएआई की जमीन में प्रतीत हो रहा है,जिसकी नापी कर उसे भी अतिक्रमणमुक्त किया जाएगा। वहीं बाईपास निवासी अनुज यादव एवं पुरानी बस स्टैंड निवासी श्रवण चौधरी ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा उनके जमीन के आगे एनएचएआई की जमीन में अवैध निर्माण कार्य किया गया है,जिसे हटाने को लेकर सीओ एवं एनएचएआई को लिखित आवेदन दिया गया है। इस संबंध में सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि 1974 ई के आसपास सिमरकोल से लेकर बांके मोड़ तक का पुराना नक्शा उपलब्ध नहीं है। इसलिए इस बीच अस्थाई संरचना को हटाया गया है। वहीं नक्शा के उपलब्ध होने पर अगले फेज में पैमाइश कर नोटिस करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रजौली के पौराणिक लोमश ऋषि पहाड़ पर रक्षाबंधन पर लगेगा भव्य मेला, रामायण सर्किट से जुड़ने की लोगों को है काफी उम्मीद

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखंड अंतर्गत रजौली पूर्वी पंचायत स्थित ऐतिहासिक लोमश ऋषि पहाड़ पर इस वर्ष भी रक्षाबंधन एवं श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को विशाल मेले का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले में स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ नवादा और पड़ोसी जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु व दर्शक पहुंचेंगे। मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले खेल तामाशे लगाए जाते हैं। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार, श्रद्धालु पहाड़ पर स्थित भगवान लोमश ऋषि की प्राचीन गुफा में अपनी मन्नत पूरी होने पर श्रद्धापूर्वक ध्वज-पताका अर्पित करते हैं और दिन भर मेले का आनंद उठाते हैं।

**सप्तऋषि पहाड़ियों की गोद में बसी पौराणिक तपोभूमिः** सप्तऋषि पहाड़ियों की सुरम्य वादियों और प्रकृति की गोद में बसा रजौली का यह क्षेत्र पौराणिक, पुरातात्विक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध माना जाता है। मान्यता है कि रामायण काल में यह स्थान महर्षि लोमश और महर्षि याज्ञवल्क्य की प्रमुख साधनास्थली रहा है। श्रद्धालु लगभग सवा सौ सीढ़ियों की चढ़ाई पूरी कर लोमश ऋषि और याज्ञवल्क्य ऋषि के पवित्र आश्रम तक पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माथा टेकते हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन यहां पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है, जिसके कारण पूरा पर्वत क्षेत्र श्रद्धालुओं के जयकारों से गुंजायमान रहता है।

**पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकास और रामायण सर्किट से जुड़ने की लगी है आस :** फोरलेन सड़क मार्ग पर स्थित सिमरकोल से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर सरमसपुर गांव के पास अवस्थित यह स्थल जल्द ही एक बड़े पर्यटक केंद्र के रूप में निखर सकता है। हाल के दिनों में इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और विकास को लेकर प्रशासनिक और न्यायिक स्तर पर सार्थक पहल शुरू हुई है।पटना उच्च न्यायालय द्वारा राज्य के प्रधान सचिव के पत्र के आलोक में शुरू की गई कार्रवाई से इस क्षेत्र के रामायण सर्किट में शामिल होने की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। इस योजना के साकार होने से लोमश ऋषि और याज्ञवल्क्य ऋषि की प्राचीन गुफाओं के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होगा, जो संपूर्ण नवादा जिले के सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य के लिए युगांतकारी कदम साबित होगा।

# ईद मिलादुन्नबी पर सनेत पिंड से दाना मंडी तक निकला भव्य जुलूस, गूंजे 'सरकार की आमद मरहबा' के नारे

लोकतंत्र की आवाज





**महताब अंसारी,**
**गया।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को सनेत पिंड स्थित सुन्नी गौसिया मस्जिद एवं रज़ा-ए-मुस्तफा मदरसा में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर हजारों अकीदतमंदों ने जुलूस में शामिल होकर जश्न-ए-विलादत मनाया। सनेत पिंड से निकला यह जुलूस लुधियाना की दाना मंडी पहुंचा। जुलूस के दौरान 'सरकार की आमद मरहबा' और नात-ए-पाक की सदाओं से पूरा इलाका गूंज उठा। इस अवसर पर बरेली शरीफ से हुजूर तौसीफ-ए-मिल्लत, शहजादा-ए-आला हजरत की भी तशरीफ आवरी हुई। उन्होंने अकीदतमंदों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की सीरत और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब ने इंसानियत, मोहब्बत, अमन, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। उनकी जिंदगी पूरी मानवता के लिए आदर्श है और हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में प्रेम, शांति और भाईचारा कायम रखना चाहिए। सुबह से ही अकीदतमंदों के लिए भोजन, चाय और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी। सुन्नी गौसिया मस्जिद और रज़ा-ए-मुस्तफा मदरसा में बिरयानी के अलावा समाजसेवियों की ओर से पूरी-छोले, समोसा और चाय का भी इंतजाम किया गया। सुन्नी गौसिया मस्जिद के मौलाना फारूक रिजवी एवं रज़ा-ए-मुस्तफा मदरसा के मौलाना नईमी साहब ने जुलूस को रवाना किया। मौलाना फारूक रिजवी ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने पूरी मानवता को अमन, भाईचारे, दया, इंसानियत और मोहब्बत का संदेश दिया। हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए जरूरतमंदों की मदद और समाज में आपसी सौहार्द कायम रखने का संकल्प लेना चाहिए। मोहम्मद अशरफ अंसारी ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी मुसलमानों के लिए खुशी और सम्मान का दिन है। पैगंबर साहब की शिक्षाएं आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।वहीं मोहम्मद खलील खान ने कहा कि जुलूस का उद्देश्य मोहब्बत, भाईचारे और आपसी एकता का संदेश देना है। उन्होंने सभी लोगों से शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। जुलूस में हजारों लोग हाथों में तिरंगा और इस्लामी झंडे लेकर शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, उत्साह और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मोहम्मद खलील खान, मो. जावेद अली, मोहम्मद अशरफ अंसारी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## नशामुक्त भारत के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान

लोक तंत्र की आवाज



**नीरज कुमार संजीव**
**हिसुआ।** टी. एस. कॉलेज, हिसुआ के पं. दीनदयाल सभागार में ''विकसित भारत युवा कनेक्टझखेलो इंडिया 2026'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ''खेल की बात पीएम मोदी के साथ'' थी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा एवं मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी श्री रवि जी, एन. सी. सी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार दुवे, बर्सर डॉ स्वर्गेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। खेल जगत से साईकलिंग एवं अन्य खिलाडी, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर बन्धु , मिडीया प्रभारी मुकेश कुमार, प्राधान सहायक राजेश कुमार कम्पयुटर आपरेटर दिनेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने टी. एस. कॉलेज के विद्यार्थियों को वर्चुवल माध्यम से सम्बोधित करते हुए भारतीय खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा युवाओं को खेलों में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने वर्ष 2036 में भारत में प्रस्तावित ओलंपिक खेलों में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा नशामुक्त भारत के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। एन. एस. एस. पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि टी. एस. कॉलेज के विद्यार्थी खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर नई ऊंचाइयां हासिल कर रहे हैं और भविष्य में भी कॉलेज को गौर्वानवित करेंगे।मुख्य अतिथि ने युवाओं को अनुशासन, निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अनुशासन एवं निरंतर प्रयास से जीवन में आगे बढा जा सकता है। उन्होंने टी. एस.कॉलेज में खेल को बढ़ावा देने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया तद्पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हरदोईः अनियंत्रित बाइक फिसलने से युवक की मौत, दोस्त गंभीर



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। रक्षाबंधन पर अपनों के साथ खुशियां बांटने दिल्ली से गांव लौटे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में उसका दोस्त गंभीर घायल हो गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बहनों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कछौना कोतवाली क्षेत्र के रैंसो गांव निवासी 33 वर्षीय संजय दिल्ली की एक गुटखा फैक्ट्री में काम करते थे। वह रक्षाबंधन मनाने 21 अगस्त को गांव आए थे। वह बुधवार शाम अपने 25 वर्षीय दोस्त राहुल के साथ बाइक खुद चलाकर गौसगंज बाजार खरीदारी करने गए थे। वापसी के दौरान खजहोना और गौसगंज के बीच बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।दोनों युवक सिर के बल सड़क पर जा गिरे। हादसे में संजय और राहुल को गंभीर चोटें आईं। एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी कछौना ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर संजय को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बुधवार देर शाम करीब 7:30 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजय चार भाइयों और चार बहनों में तीसरे नंबर पर थे। वह अविवाहित थे। गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की गई। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि घटना अन्य कोतवाली क्षेत्र की है। शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बघौली में करीब 2 घंटे 38 मिनट खड़ी रही गरीब रथ



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। रेल संचालन में आई तकनीकी दिक्कत के चलते डाउन दिशा की 12212 गरीब रथ एक्सप्रेस को बघौली यार्ड में कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। ट्रेन के रुकने से यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। रेल कर्मचारियों ने तकनीकी खामी को दूर करने के साथ ही इंजन की व्यवस्था कर ट्रेन को दोबारा रवाना कराया। जानकारी के अनुसार डाउन 12212 गरीब रथ एक्सप्रेस मसीट स्टेशन से सुबह 4:44 बजे रवाना हुई थी। ट्रेन बघौली यार्ड की ओर बढ़ी तो लाइन नंबर एक और चार के प्वाइंट में समस्या आ गई। सुबह करीब 4:49 बजे ट्रेन को रोक दिया गया। इस दौरान रेल परिचालन से जुड़े कर्मचारियों ने स्थिति की जांच शुरू की।बताया गया कि वायरलेस के जरिए सूचना दी गई कि ब्लॉक सेक्शन में एक गाय चपेट में आ जाने के कारण पावर में दिक्कत आई है। सुबह करीब 5:20 बजे प्वाइंट क्लियर होने के बाद ट्रेन को बघौली स्टेशन पर खड़ा कराया गया।

### सीट विवाद में यात्री से मारपीट, चलती बस से नीचे उतारने का आरोप

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। स्लीपर बस में सीट को लेकर हुए विवाद में बस स्टाफ पर यात्री के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने और चलती बस से नीचे उतारने का आरोप लगा है। पीड़ित की तहरीर पर देहात कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। तौकलपुर निवासी अशोक शुक्ला ने बताया, वह 20 अगस्त की शाम करीब 5:15 बजे पिहानी चुंगी से हरदोई-दिल्ली जा रही स्लीपर बस में सवार हुए थे। कुर्रिया गांव के पास कंडक्टर फारुख खान ने उनकी सीट पर दो अन्य यात्रियों को बैठा दिया। अशोक ने एक सीट पर तीन लोगों को बैठाने का विरोध किया तो आरोप है कि बस स्टाफ उससे विवाद करने लगा।आरोप है कि फखरू खान, नदीम खान और एक अन्य व्यक्ति ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और चलती बस से उसे नीचे उतार दिया। घटना के बाद पीड़ित ने 25 अगस्त को थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी। देहात कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी एसआई पवन प्रताप सिंह को सौंपी है।

# आवासीय मानचित्र के विपरीत बनी हरे रामा हरे कृष्णा ऐसो. की अवैध फुटकर दुकानों पर आखिर किसकी शह पर नहीं हो रही कार्रवाई

**स्थल पर दोनों और दुकानें बनी होने के कारण बीच में 12 मीटर चौड़ी सड़क होना जरूरी**

लोकतंत्र की आवाज

**साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ**
**सहारनपुर।** शहर के सुनियोजित विकास के लिए गठित विकास प्राधिकरण अनियोजित विकास करवाकर सर दर्द पैदा कर रहा है। पाठकों को बता दें कि जोन 12 में ग्राम माहीपुरा के करीब एक दर्जन खसरों में कृष्णा ऐसो. रमन गुप्ता, सेठी, माहेश्वरी, जुनेजा, अरोडा, ठक्कर, त्यागी, रहेजा, ग्रोवर ने आवासीय मानचित्र का लेआउट स्वीकृत कराया परंतु उसके विपरीत भूतल व प्रथम तल पर व्यवसायिक दुकानें बना ली जिनमें भू उपयोग क्रिया से इतर बड़े-बड़े गोदाम, हॉल व कार्यालय भी बना दिए जिनको सील भी कर दिया गया था परंतु सील खुलने के बाद शर्तों का कोई पालन नहीं किया गया तथा इस प्रकरण में टीपी की राय भी ली गई।

जिसमें टीपी ने 60 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग छोड़ने के उपरांत मिश्रित आवासीय बताया था और फुटकर दुकानें सशर्त अनुमन्य बताई और यह भी कहा कि व्यावसायिक क्रिया होने पर प्रभाव शुल्क भी अनुमन्य है, अशमनीय निर्माण को ध्वस्त करने, पार्किंग प्लान प्रस्तुत करने के बाद ही शमन करने को कहा था इसके अलावा निर्माणकर्ताओं/बिल्डरों को आपत्ति पत्र भी भेजे गए जिसमें दोनों साइड




दुकानों का निर्माण करने पर बीच में से 12 मीटर सड़क चौड़ी करने, स्थल का कुल क्षेत्रफल कवर्ड क्षेत्रफल के अनुरूप नहीं होने, दुकानों का क्षेत्रफल मानचित्र के अनूपरूप नहीं होने, फ्रंट सेटबैक के आगे आशुतोष बत्रा का मानचित्र स्वीकृत किया गया है जिसके बीच में कोई गैप नहीं है आदि आपत्तियां इंगित की थी परंतु बिल्डरों द्वारा उन आपत्तियों का आज तक कोई निराकरण नहीं किया गया बल्कि सारे प्लाट/दुकानें बेच दी, बाद में बिल्डरों द्वारा भूतल व प्रथम तल फुटकर दुकानों के दो अलग-अलग शमन मानचित्र

**■ पीडब्ल्यूडी की एन.ओ.सी. जनता रोड साइड से ली गई जबकि रास्ता व दुकानें देहरादून रोड की तरफ भी बना दी गई**

जमा कराए गए, इसमें भी बड़ा खेल किया गया, दोनों मानचित्रो का कुल भूखंड क्षेत्रफल 3000 वर्ग मीटर से अधिक बैठता है जिसमें स्थल पर नियमानुसार ओपन एरिया/पार्क छोड़ना पड़ता परंतु 3000 वर्ग मीटर से कम के दो अलग-अलग मानचित्र बनवाकर टेक्निकल रूप से ओपन एरिया/पार्क क्षेत्र बचाया गया।

जबकि मौके पर दोनों मानचित्रों के क्षेत्रों को मिलाकर एक कर लिया गया है, वहीं दोनों मानचित्रों में रास्ता जनता रोड से दिखाया गया है और पीडब्ल्यूडी की एन.ओ.सी. भी जनता रोड की तरफ से ही ली गई है जबकि इसके उलट देहरादून रोड साईड में भी रास्ता और दुकानें बनी हुई है, एक दुकान के आधे हिस्से में पेट्रोल पंप की तरफ एटीएम भी खोल दिया गया है। इस प्रकरण में गड़बड़, घोटाले और भ्रष्टाचार की भरमार है जिसकी जांच लोकायुक्त और एंटी करप्शन कोर्ट से ही की जा सकती है।

# ट्रेन में दारुल उलूम के छात्र से मारपीट की घटना पर AIMIM ने जताई चिंता, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

लोक तंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** गत दिनों चलती ट्रेन में दारुल उलूम देवबंद के एक छात्र के साथ कथित मारपीट, जबरदस्ती शराब पिलाने तथा मोबाइल फोन व अन्य सामान लूटे जाने की घटना को लेकर मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त सचिव मोहतेशिम गौर ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने शासन-प्रशासन से ट्रेन में यात्रा करने वाले छात्रों की सुरक्षा के लिए प्रभावी एवं पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

मोहतेशिम गौर ने कहा कि दारुल उलूम देवबंद विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्था है, जहां देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में छात्र दीनी तालीम हासिल करने के लिए आते हैं।इन छात्रों को अपने घरों से देवबंद आने-जाने के लिए भारतीय रेल का भी व्यापक रूप से इस्तेमाल करना पड़ता है। ऐसे में यात्रा के दौरान छात्रों के साथ इस प्रकार की घटनाएं चिंता का विषय हैं।

उन्होंने कहा कि किसी छात्र के साथ चलती ट्रेन में मारपीट करने, कथित रूप से जबरदस्ती शराब पिलाने तथा मोबाइल एवं अन्य सामान छीनने जैसी घटना से न केवल पीड़ित छात्र प्रभावित होता है, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले उसके अभिभावकों में भी भय और चिंता का माहौल पैदा होता है। अभिभावक अपने बच्चों को तालीम हासिल करने के लिए दूर भेजते हैं और यदि यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका बनी रहेगी तो इसका सीधा असर उनके विश्वास पर पड़ेगा।

मोहतेशिम गौर ने शासन एवं पुलिस-प्रशासन से मांग की कि देवबंद आने-जाने वाले छात्रों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए

उन्होंने कहा कि छात्रों को बिना किसी भय और दबाव के अपनी यात्रा पूरी करने का सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए। यदि किसी यात्री के साथ आपराधिक घटना होती है तो शिकायत पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि अपराधियों में कानून का भय कायम रहे। AIMIM नेता ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि इस मामले को केवल एक सामान्य आपराधिक घटना के रूप में न देखा जाए, बल्कि दूर-दराज के राज्यों से देवबंद आने वाले छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था तैयार की जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन और रेलवे प्रशासन इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगा, जिससे छात्र और उनके अभिभावक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# राजस्व टीम गठित होने के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** अतिक्रमण हटाने के लिए उप जिलाधिकारी की ओर से गठित राजस्व टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। टीम गठन के करीब एक माह बाद भी मौके पर जांच और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं होने से शिकायतकर्ताओं में नाराजगी है।

मामला मल्लावां थानाक्षेत्र के नेवादा राधौपुर गांव का है। गांव निवासी सोनी ने 16 जुलाई को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी कि अवधेश, सौरभ और देवेश ने पहले टीम द्वारा हटवाए गए अतिक्रमण को दोबारा शुरू कर दिया है। आरोप है कि मकान के सामने कंडा, बठिया और कूड़ा लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है।वहीं ग्राम पंचायत राधौपुर के प्रशासक सरविन्द्र ने नौ जुलाई को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि तालाब की जमीन पर बठिया-कंडा रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने जांच कराकर भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की थी। मामले में एसडीएम बिलग्राम कार्यालय ने 29 जुलाई को पत्र जारी कर नायब तहसीलदार माधौगंज अनेक सिंह और नायब तहसीलदार मल्लावां पुरुषोत्तम ओझा की अध्यक्षता में छह सदस्यीय राजस्व-चकबंदी टीम गठित की थी। टीम में राजस्व निरीक्षक फूलचंद्र व शिवसिंह, राजस्व लेखपाल हरिशंकर व धीरज कुमार तथा चकबंदी कर्मी उस्मान हैदर और हिमांशु राठौर को शामिल किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि आदेश जारी हुए करीब एक माह होने को है, लेकिन टीम अभी तक मौके पर नहीं पहुंची। न जांच हुई और न ही अतिक्रमण हटाया गया।

# इरादतन हत्या के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** थाना देवबंद पुलिस ने इरादतन हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बताई जा रही एक कार भी बरामद की है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, शावेज पुत्र आजाद अली निवासी छपार, जनपद मुजफ्फरनगर ने थाना देवबंद में तहरीर देकर बताया था कि उसके पिता आजाद अली (55 वर्ष) की अनुपम होटल के मालिक एवं होटल स्टाफ के साथ कहासुनी हुई थी। आरोप है कि विवाद के दौरान आजाद अली के साथ

**घटना में इस्तेमाल किया गया कार बरामद**



मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचाई गई और बाद में सापला रोड पर छोड़ दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया और संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। अधिकारियों के निर्देश पर थाना देवबंद पुलिस ने कोतवाली प्रभारी संदीप बालियान के कुशल नेतृत्व में आरोपियों की तलाश शुरू की।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने मुकदमे में वांछित चल रहे आशु पाल पुत्र रमेश पाल निवासी मोहल्ला कायस्थवाड़ा, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर तथा शौकीन पुत्र खुर्शीद निवासी कोला बस्ती, थाना देवबंद को सैनपुर कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही/कब्जे से घटना में प्रयुक्त बताई जा रही एक कार भी बरामद की है। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संदीप बालियान, उप निरीक्षक लोकेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक रविंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप चिकारा तथा श्री कृष्णा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई जारी है तथा घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

# जिलाअधिकारी का छात्राओं ने तिलक कर हस्तनिर्मित राखी बाँध रक्षाबंधन पर्व पर दिया एक संदेश

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पिहानी ब्लॉक के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा अपने हाथों से तैयार की गई हस्तनिर्मित राखियों ने पर्व की खुशियों को और भी खास बना दिया। बच्चों ने पूरी मेहनत, लगन और उत्साह के साथ सुंदर-सुंदर राखियों तैयार की, जिन्हें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया को पहनाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दी गई।इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राएँ आकांक्षा (कक्षा 8), शोभा (कक्षा 7). खुशी (कक्षा 9), मान्या (कक्षा 7) एवं अर्चना (कक्षा 6) उपस्थित रहीं। छात्राओं ने पिहानी ब्लॉक




के बच्चों द्वारा अपने हाथों से तैयार की गई राखियाँ अधिकारियों को पहनाई। बच्चों द्वारा तैयार की गई इन राखियों को देखकर जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने उनकी रचनात्मकता, मेहनत और भावनात्मक जुड़ाव की मुक्तकंठ से सराहना की।

उन्होंने कहा कि नन्हे बच्चों द्वारा स्वयं राखियाँ तैयार करना उनकी प्रतिभा, कल्पनाशीलता और सीखने की ललक को दर्शाता है।इस आत्मीय पहल से जिलाधिकारी प्रसन्नतापूर्वक छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।मुख्य विकास अधिकारी ने भी बच्चों की इस सुंदर पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जुड़ाव को मजबूत करती है।इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें चॉकलेट एवं उपहार प्रदान किए। जिलाधिकारी महोदय ने बच्चों के प्रति विशेष स्नेह व्यक्त करते हुए अपने हाथों से बच्चों को मिठाई खिलाई।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभात मिश्र, डीसी, संतोष कुमार, एसआरजी, शशांक मिश्रा, शिवेंद्र सिंह बघेल सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। उधर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कछौना एवं टड़ियावां ब्लॉक के नन्हे-मुन्ने बच्चों की मेहनत से तैयार हुई हस्तनिर्मित राखियों और कस्तूरबा की छात्राओं द्वारा उन्हें जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया तक पहुंचाकर पहनाने की यह पहल स्नेह, सम्मान, संस्कार और बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर संगम बन गई।

# योगी सरकार में सहारनपुर ने विकास की करवट लीः महापौर

लोकतंत्र की आवाज

**साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ**
**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 41 स्थित शुगर मिल क्षेत्र में काँचमिल कॉलोनी, गली नंबर-3 एवं गोपाल नगर में 21 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले रजवाहे की पटरी के दोनों ओर टाइल्स निर्माण कार्य तथा सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर, क्षेत्रीय पार्षद संजय सैनी व पार्षद राजू जाटव सहित भाजपा के अनेक नेता शामिल रहे।



महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर आज जब वार्ड 41 के शुगर मिल क्षेत्र पहुंचे तो क्षेत्र के लोगों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। महापौर व नगर विधायक ने सड़क पर गेंती चलाकर निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा

**■ वार्ड 41 के शुगर मिल क्षेत्र में महापौर व नगर विधायक ने निर्माण कार्यो का किया शुभारंभ**

कि किसी भी शहर के विकास का रास्ता उसके वार्डो के विकास से होकर गुजरता है। वार्डो के विकास में ही शहर का विकास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार में सहारनपुर ने विकास की एक बड़ी करवट ली है, और यह विकास का सिलसिला लगातार जारी है।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क एवं जल निकासी की सुविधा प्राप्त होगी तथा आवागमन और जनसुविधाओं में और सुधार होगा। इस अवसर पर नवीन सैनी, मांगेराम, कुक्कू वालिया, निखिल शर्मा, राजकुमार त्यागी, पद्म सैनी, आशीष अग्रवाल, निशित कालरा, करण नारंग, राजेंद्र गुंबर, पारस टुटेजा, रोहित पुंडीर, लक्की वर्मा व शंकी आदि उपस्थित रहे।

# शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएः जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** आज जिलाधिकारी अनुनय झा ने कलेक्टेट में जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 55 शिकायतते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-




सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे अतिरिक्त मजिस्टेट व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रक्षा और सम्मान का संकल्प है रक्षा बंधनः नगर आयुक्त

लोकतंत्र की आवाज

**साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ**
**सहारनपुर।** नगर निगम में वीरवार को भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन बडे. उल्लास के साथ मनाया गया। नगरायुक्त सहित निगम अधिकारियों ने निगम की महिला कर्मचारियों और महिला सफाई कर्मियों को मिष्ठान वितरित किया। नगरायुक्त ने आऊट सोर्स सफाई कर्मियों को रक्षा बंधन के साथ ही बढ़ा हुआ वेतन देने की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त निगम परिसर में वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दोहराया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने सभी महिलाओं को रक्षा बंधन की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमें हमें प्रेम, विश्वास, जिम्मेदारी और पारिवारिक मूल्यों का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा




कि हाथ में बांधा जाने वाला रक्षासूत्र हर उस व्यक्ति की रक्षा और सम्मान का संकल्प है जिसे सुरक्षा और स्नेह की आवश्यकता है। लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि आऊट सोर्स सफाई कर्मियों का बढ़ा हुआ वेतन आज शाम तक उनके खातों में पहुंचा दिया जायेगा।

नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति और मेल मिलाप की अनूठी परंपरा का परिचायक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर के काम-काज से लेकर देश के हर क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रही है।

**■ नगर निगम में उल्लास के साथ मना रक्षाबंधन पर्व, वृक्षों को भी बांधी गयी राखियां**

उन्होंने कहा कि महिलाओं के सहयोग के बिना 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता।

नगरायुक्त शिपू गिरि, अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेंद्र प्रसाद मिश्र व सहायक नगरायुक्त जेपी यादव ने महिलाओं को मिष्ठान वितरित किया। बाद में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय व निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा सहित अनेक अधिकारियों ने निगम परिसर स्थित पौधों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

लोकतंत्र की आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजिटल समाचार पत्र


## संक्षिप्त खबरें ।

### ग्रामीण एसपी ने की जनसुनवाई, 15 आवेदकों की समस्याओं पर दिए कार्रवाई के निर्देश



लोकतंत्र की आवाज
दरभंगा। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, दरभंगा द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस को आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में गुरुवार को ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के समक्ष विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 15 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके द्वारा दिए गए आवेदनों पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थानाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में बहेड़ी थाना से 6, बहेड़ा से 2 तथा बिरौल, सकतपुर, अलीनगर, कुशेश्वरस्थान, सदर, महिला एवं सिमरी थाना से 1–1 आवेदक शामिल हुए। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों की समस्याओं का विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित हो सके।

### रक्षाबंधन पर सेंट जेवियर्स की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

लोकतंत्र की आवाज
विभूतिपुर/समस्तीपुर। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रखण्ड अंतर्गत दाहु चौक आरडी कॉम्प्लेक्स स्थित राष्ट्रीय शिक्षा रत्न–गोल्ड मेडल से सम्मानित सह सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त विद्यालय सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल +2 की छात्राओं ने विद्यालय के प्रबंधक सह निदेशक विजय कुमार चौधरी के निर्देशानुसार पेड़–पौधों को रक्षासूत्र बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य उज्वल कुमार गौतम,उप प्राचार्य श्याम नंदन झा सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकेत्तर कर्मी मौजूद रहे।

### रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से 10 वर्षीय मासूम की मौत




लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। जिले के विद्यापतिनगर से मलकलीपुर की ओर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान जुलूस में शामिल एक 10 वर्षीय मासूम ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जुलूस में शामिल लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत कलीमिनगर निवासी मो. महबूब के पुत्र मो.फरीद ( 10 ) के रूप में हुई है। बताया गया कि फरीद अपने माता–पिता का इकलौता पुत्र था। उसके पिता सऊदी अरब में रहते हैं। उधर इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की,लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पंचनामा तैयार कर शव स्वजनों को सौंपे जाने की कार्रवाई की गई। हादसे के बाद कलीमीनगर सहित आसपास के इलाके में शोक की लहर है। वहीं इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### रक्षाबंधन की शुरुआत पौराणिक काल महाभारत और अन्य धार्मिक कथाओं से जुड़ी हुईमानी जाती है : समाजसेवी मुकेश कुमार तोमर (उर्फ ) चंचल सिंह



लोकतंत्र की आवाज
अनोजकुमार सिंह ब्यूरो चीफ
धरहर, मुंगेर। धरहरा प्रखंडअंतर्गत भलार ग्राम निवासी मुंगेर जिले के अग्रणी पंक्ति के युवा समाजसेवी मुकेश कुमार तोमर उर्फ चंचल सिंह ने टेलिफोनिक वार्तालाप में दिनांक 27 अगस्त2026दिन बृहस्पतिवार को बताया की रक्षाबंधन की शुरुआत पौराणिक काल में महाभारत और अन्य धार्मिक कथाओं से जुड़ी हुई मानी जाती है ! महाभारत के अनुसार जब भगवान श्री कृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था तब उनकी उंगली कट गई और **खून बहने लगा यह देखकर द्रोपदी ने तुरंत अपनी सारी का पल्लू** : उनकी उंगली पर बांध दिया है इससे प्रसन्न होकर श्री कृष्णा द्रोपदी को बहन के रूप में स्वीकार किया और चीरहरण के समय उनकी रक्षा करने का वचन दिया! एक अन्य कथा के अनुसार लक्ष्मी ने असुर राजा बलि की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भगवान विष्णु को बैकुंठ वापस ले जाने का वचन लिया था !रक्षाबंधन का ऐतिहासिक संदर्भ रानी कर्णावती और हिमायू मध्यकालीन भारत में चित्तौड़ की रानी कर्णावती ने मुगल सम्राट हुमायूं को अपनी रक्षा के लिए राखी भेजी थी, जिसे हिमायू ने एक भाई की जिम्मेदारी मानते हुए स्वीकार किया था हम सभी सनातनी भाई रक्षा बंधन के इस पवित्र भाई–बहन के प्यार को उत्सव और बहुत ही आस्था के साथ संपूर्ण विश्व में रक्षाबंधन का त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं!

# मुंगेरः सतर्क रहें ,सुरक्षित रहें व अफवाहों से बचें जिला प्रशासन मुंगेर की आमजनों से अपील

**लोकतंत्र की आवाज**




**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**मुंगेर।** दिनांक26 अगस्त 2026दिन बुधवार को मुंगेर जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। बाढ़ सहित किसी भी आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा संभावित परिस्थितियों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आमजन को त्वरित सहायता एवं राहत उपलब्ध कराई जा सके।

आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा भी बाढ़ के दौरान आमलोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां जारी की गई हैं। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील किया है कि बाढ़ अथवा जलस्तर में वृद्धि की स्थिति में घबराएं नहीं तथा केवल प्रशासन एवं अधिकृत स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करें। किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा गलत जानकारी को सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित न करें।

बाढ़ के दौरान विशेष सावधानी बरतते हुए नदी, नहर, तालाब, गड्ढे अथवा तेज बहाव वाले जलस्त्रोतों के समीप जाने से बचें। बच्चों एवं बुजुर्गों को विशेष रूप से सुरक्षित स्थान पर रखें। विद्युत प्रवाह से संबंधित संभावित खतरे को देखते हुए गिरे हुए बिजली के तारों एवं जलमग्न विद्युत उपकरणों से दूर रहें।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आपदा की स्थिति में आमजनों की सहायता के लिए प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह तैयार है। आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव कार्यों को तत्काल सक्रिय किया जाएगा। नागरिकों से अपील है कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें तथा किसी भी आपात स्थिति में उपलब्ध आधिकारिक हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

**आपातकालीन सहायता के लिए संपर्कः** राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र हेल्पलाइनः 0612-2294204 / 0612-2294205, आपातकालीन सहायता नंबरः 1070

जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील किया है कि सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और अफवाहों से बचें। आपदा के समय संयम एवं प्रशासन के निर्देशों का पालन ही स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है।

## बिहार में मनरेगा का कागजी खेल समस्तीपुर के घोटाले ने खोली पोल सभी 38 जिले में फोरेंसिक जांच की उठी मांग

**लोकतंत्र की आवाज**

**अनोजकुमार सिंह ब्यूरो चीफ**
**धरहरा , मुंगेर।** जिले के आर टीआई कार्यकर्ता और वरिष्ठ नागरिक ( दिव्यांगजन ) श्याम मुरारी प्रसाद ने सीधा मोर्चा खोलते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ,मुख्य सचिव , ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर 2 साल की सभी मनरेगा योजना की राज्य स्तरीय फोरेंसिक जांच की मांग की है ! आवेदक श्याम मुरारी प्रसाद ने पत्र के अंत में दावा किया है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो 70% से अधिक मामले में भारी और अनियमितता उजागर होगी ! उन्होंने सरकार को संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए इस गरीब मजदूरों के हक की लूट करार दिया ?

अब देखना यह है कि लक्ष्मीपुर महेश पट्टी के फर्जीबारे से उठी यह चिंगारी क्या बिहार के पूरे मनरेगा सिस्टम में बदलाव ला पाएगी , क्या राज्य सरकार इस गंभीर शिकायत पर संज्ञान लेते हुए स्वतंत्र जांच का आदेश देगी या फिर यह मामला फाइलों के में कहीं गुम हो जाएगा बाहरहाल इस पत्र ने मनरेगा की कार्य प्रणाली और सरकारी दावों की जमीनी हकीकत पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं ! बिहार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों में एक बड़े स्तर पर महा घोटाले की बू आ रही है समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर महेश पट्टी में उजागर हुए लाखों रुपए के मनरेगा घोटाले के बाद अब पूरे राज्य के सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं ! आवेदक के अनुसार प्रधानमंत्री कार्यालय के लोक शिकायत पोर्टल पंजीकरण संख्या पी एम ओ पी जी /इ 2026 /0 1 63 214और बिहार सरकार को भेजे गए इस पत्र में आवेदक ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार अब कोई आपदा नहीं बल्कि एक पैटर्न बन चुका है पत्र में आरोप लगाया गया है कि लखनीपुर महेश पट्टी में लोक सेवकों द्वारा3.21 लाख और 9 .91 लाख के घोटाले ने यह साबित कर दिया है कि बिहार में कागजों पर फर्जी मजदूरी ,गलत मास्टर रोल ,बिना जमीन पर नापी किए क्लीन चिट देना और पोर्टल फ्रिज होने के बाद बैक डोर से भुगतान करना एक आम बात हो गई है ! हंड्रेड परसेंट भौतिक सत्यापन और विशेष ऑडिट वित्तीय वर्ष2023 -24 2024 -25वर्तमान 2025 -26 ।तक की हर मनरेगा योजना की100% भौतिक नापी की जाए ड्रोन./जियो टैग तस्वीर का मिलन और नरेगा मिसडाटा का क्रॉस वेरिफिकेशन हो जांच के लिए हर प्रमंडल में डीआरडीए के बाहर के कार्यपालक अभियंता ,विजिलेंस अधिकारी और आईटी फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम बने इस जांच में स्थानीय अधिकारियों को बिल्कुल शामिल न किया जाए ताकि लीपा पोती ना हो सके !

फर्जी हाजिरी वाले हर मामले में मजदूर के सी डीआर/ बैंक एटीएम ट्रांजैक्शन और आधार ऑथेंटिकेशन लोग की अनिवार्य रूप से जांच हो ! सी डी आर 60 दिन में फिर और रिकवरी जांच रिपोर्ट 60 दिनों के भीतर सार्वजनिक किया जाए।

## दाम बाँधो, काम दो, काम का पूरा दाम दो



लोकतंत्र की आवाज
आनंदपुर, हायाघाट। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ( खेग्रामस) के राज्यव्यापी आह्वान पर गुरुवार को आनंदपुर में बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। खेग्रामस नेता एवं प्रखंड सचिव विश्वनाथ पासवान तथा माले प्रखंड प्रभारी जमालुद्दीन के नेतृत्व में राष्ट्रकवि विद्यापति ठाकुर स्मारक के पास प्रधानमंत्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान मजदूरों ने चीनी, प्याज, खाद्य तेल, दाल समेत आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई और देश की आर्थिक स्थिति के लिए केंद्र की मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। वक्ताओं ने बिहार सरकार पर भी निशाना साधते हुए राज्य में बढ़ती हत्या, दुष्कर्म और लूट की घटनाओं को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने महंगाई पर नियंत्रण, मजदूरों को रोजगार तथा काम का उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करने की मांग की। सभा को एक्टू जिला सचिव उमेश प्रसाद साह, जमालुद्दीन, देवकांत राय, देवेंद्र पासवान सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

## जाले में नकली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, 1,368.920 लीटर स्पिरिट सहित अवैध विदेशी शराब बरामद

**लोकतंत्र की आवाज**





**दरभंगा।** जिला पदाधिकारी, दरभंगा श्री कौशल कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के परिवहन, भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जाले थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाने के अवैध कारोबार का उद्भेदन किया गया।

सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध टीम ने जाले थाना क्षेत्र के मस्सा गांव में छापेमारी की। इस दौरान झाड़ी में छिपाकर रखे गए पांच बड़े ड्रमों से करीब 920 लीटर स्पिरिट तथा 375 एमएल की 105 खाली बोतलें बरामद की गईं। इसके अलावा 180 एमएल की पेट बोतलों में कुल 448.920 लीटर अवैध विदेशी शराब भी बरामद की गई। कार्रवाई में कुल 1,368.920 लीटर स्पिरिट एवं अवैध विदेशी शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई गई है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि मामले में मुख्य अभियुक्त जितेंद्र पासवान के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। नकली शराब के इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य सहयोगियों की पहचान एवं उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए जांच जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## केले के बोरों में छिपाकर ले जाई जा रही 115 लीटर बीयर ट्रेन से बरामद

**लोकतन्त्र की आवाज़**



**साहिबगंज/बरहरवा।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने ट्रेन संख्या 13415 पटना एक्सप्रेस से 230 कैन हैवड्र्स 5000 प्रीमियम स्ट्रोग बियर बरामद की ।बरामद शराब की कुल मात्रा 115 लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 25,300 रुपये है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सीआईबी मालदा के एसआई नंदन कुमार सिंह, एचसी नूपुर बरन मिड्या तथा आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के इंस्पेक्टर संजीव कुमार, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश पासवान और ड्यूटी प्लेटफॉर्म स्टाफ हेड कांस्टेबल पिनाकी सरकार की संयुक्त टीम ट्रेन की जांच कर रही थी। इसी दौरान ट्रेन के द्वितीय अंतिम जीएस कोच संख्या ईआर-132454 के वेस्टिब्यूल में छह प्लास्टिक बोरे और दो कार्टून संदिग्ध हालत में मिले।

टीम ने जब बोरों और कार्टूनों की तलाशी ली तो केलों के बीच तथा कश्मीर एपल लिखे कार्टूनों में छिपाकर रखे गए बीयर के 230 कैन बरामद हुए ।प्रत्येक कैन 500 एमएल का था। मौके पर यात्रियों से सामान के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी उस पर अपना दावा नहीं किया ।इसके बाद आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के पोस्ट कमांडर की सहायता से बरामद शराब को ट्रेन से उतारकर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर लाया गया और लावारिस के रूप में जब्त कर लिया गया। बरामदगी की सूचना साहिबगंज उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर को दे दी गई है। मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## गंडक नदी से जुड़े बाढ़ राहत कार्य में जुटने का किया आग्रह

**लोकतंत्र की आवाज**



**समस्तीपुर।** बाढ़ की गहराती आशंका को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू ने अपने सिरसिया (ताजपुर) स्थित आवास पर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार के सभी राजद कार्यकर्ताओं और आम जनता से सतर्क रहने का आग्रह किया है। साहू ने कहा कि नेपाल में हो रही भारी बारिश और आकस्मिक बाढ़ के कारण बिहार में जलस्तर बढ़ने की संभावना है।

ऐसे में गंडक नदी से जुड़े जिलों पश्चिमी चंपारण,पूर्वी चंपारण, गोपालगंज,सारण, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली के कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों को जरूरी सूचना दें और प्रशासन की मदद करें। उन्होंने कहा कि राजद के कार्यकर्ता बाढ़ एवं बचाव से संबंधित आवश्यक सूचना देकर स्थानीय लोगों को जागरूक करें। बाढ़ प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने बिहार सरकार से भी मांग की है कि संवेदनशील तटवर्ती इलाकों में प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा जाए। बांधों एवं तटबंधों की 24 घंटे निगरानी कर उसकी मजबूती सुनिश्चित की जाए।

राहत एवं बचाव कार्य के लिए सभी जरूरी तैयारी पहले से पूरी रखी जाएं। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, रामपुकार सिंह,मो.तबरेज, मो.नुरुजोहा कमाल आफो, राहुल राय,मो.अजहर मिकरानी,विक्की शेख,मो. शाहिद हुसैन,हरेन्द्र कुमार, मो.फैयाज,मो.परवेज आलम, राकेश पाण्डेय,दीपक निरहुआ,रजनीश कुमार, मनोज कुमार राय,जयलाल राय,केशव कुमार सोनू, प्रकाश कुमार,संजय झा, संदीप सरकार,अमन कुमार, प्रभात दूबे,मो.सोहैल शेख, रोहन राजपूत,राहुल कुमार, शम्भु सिंह आदि मौजूद थे।

## साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य नियुक्त होने पर डॉ. रणजीत कुमार सिंह का हुआ स्वागत

**लोकतन्त्र की आवाज़**



**साहिबगंज।** साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर डॉ. रणजीत कुमार सिंह के नियुक्त होने पर गुरुवार को उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 1976 के सिल्वर जुबली आउटडोर गेम चैंपियन श्री बच्चू लाल, समाजसेविका सुश्री रिमझिम सिंह, श्री प्रदीप कुमार साह, भारत स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त श्री उमाशंकर सिंह तथा स्काउट एंड गाइड के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. सिंह को नई जिम्मेदारी के लिये शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने सभी आगत अतिथियों एवं स्काउट एंड गाइड के सदस्यों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आधारभूत विकास के लिए सभी वर्गों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की।

स्वागत समारोह में स्काउट एंड गाइड के सदस्यों में प्रिया कुमारी, सोनिका कुमारी, अंजली शाह, संध्या कुमारी, मुक्ता कुमारी, फुलवानो, सोनम, समां परवीन, प्रियंका कुमारी, सिमरन खातून, नाजिया परवीन, निशा परवीन एवं तान्या कुमारी उपस्थित थीं।

## मोतीझरना में 92.06 लाख की लागत से बने पार्क का विधायक धनंजय सोरेन ने किया उद्घाटन, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**लोकतंत्र की आवाज**



**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन व तीर्थ स्थल मोतीझरना स्थित बाबा मोतीनाथ मंदिर परिसर के समीप नवनिर्मित पार्क का विधिवत उद्घाटन बोरियो विधायक धनंजय सोरेन ने फीता काटकर किया। इस पार्क का सौंदर्यीकरण लगभग 92.06 लाख रुपये की लागत से किया गया है।

उद्घाटन के दौरान विधायक धनंजय सोरेन ने कहा कि बाबा मोतीनाथ धाम में सालों भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। विशेषकर सावन माह में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा सहित आसपास के कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु जलार्पण व पूजा-अर्चना के लिए यहां पहुंचते हैं। पार्क के सौंदर्यीकरण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को काफी सहूलियत मिलेगी।

**पार्क में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएंः** नवनिर्मित पार्क में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम, आधुनिक शौचालय, पेयजल और विश्राम स्थल का निर्माण कराया गया है। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले व अन्य खेल उपकरण लगाए गए हैं, जिससे पर्यटकों को बेहतर वातावरण मिल सके।

**जर्जर सड़क दुरुस्त करने का दिया भरोसाः** विधायक धनंजय सोरेन ने आगे कहा कि मंदिर तक पहुंचने वाली सड़क वर्तमान में जर्जर स्थिति में है, जिसकी जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर परिसर के समीप जाली लगाने को लेकर डीएफओ से बातचीत हो चुकी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मोतीझरना में बचे हुए सभी अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड सचिव मो. जहांगीर, पार्क निर्माण कार्य के संवेदक समेत कई स्थानीय गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

■ जर्जर सड़क की मरम्मत और सुरक्षा के लिए जाली लगाने का कार्य जल्द होगा पूरा : विधायक

## संक्षिप्त खबरें ।

### चपरांव चौक पर अपराधियों की फायरिंग में 55 वर्षीय महिला को लगी गोली



**सहरसा संवाददाता।** बलवाहाट थाना क्षेत्र के चपरांव चौक पर बुधवार शाम अज्ञात बदमाशों की ओर से की गई ताबड़तोड़ फायरिंग में एक 55 वर्षीय महिला गोली लगने से जख्मी हो गई। गोली महिला के पैर में लगी। घायल महिला की पहचान चपरांव चौक निवासी ललन यादव की पत्नी सुमित्रा देवी (55) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम चपरांव चौक के समीप अज्ञात बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान वहां मौजूद सुमित्रा देवी के पैर में एक गोली जा लगी। गोली लगने के बाद महिला लहूलुहान होकर गिर पड़ी। अचानक हुई गोलीबारी से चौक पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची और जख्मी महिला को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में महिला का इलाज जारी है। इधर, पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ कर रही है। फायरिंग करने वाले बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### बगहा : सर्पदंश से महिला की मौत, दूसरी पीड़िता इलाज के बाद स्वस्थ

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** सेमरा थाना क्षेत्र के चरहरिया गांव निवासी सोहादीं देवी (पति प्रभु उरांव) की सर्पदंश के बाद इलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल में मौत हो गई। स्वजन उन्हें उपचार के लिए बुधवार शाम अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकों ने उपचार का प्रयास किया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल पहुंचने में विलंब के कारण महिला की स्थिति गंभीर हो गई थी। वहीं, मलकौली निवासी 55 वर्षीय गीता देवी (पति दिनेश्वर पांडेय) को भी सांप ने डंस लिया था। घटना के बाद स्वजन उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, जिसके बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ। स्वस्थ होने पर उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. एके तिवारी ने बताया कि अस्पताल में सर्पदंश के उपचार के लिए एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) इंजेक्शन 24 घंटे उपलब्ध रहता है। उन्होंने कहा कि सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय गंवाना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सर्पदंश की घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित को बिना किसी विलंब के नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाएं। समय पर उपचार मिलने से सर्पदंश के अधिकांश मामलों में मरीज की जान बचाने की संभावना रहती है। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी कि सांप काटने के बाद मरीज को शांत रखें और जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाएं।

### गौनाहा के पिपरिया गांव में महावीरी झंडा मेला का किया गया भव्य आयोजन



**गौनाहा/अजमेर आलम**

**गौनाहा।** प्रखंड क्षेत्र के पिपरिया गांव में महावीरी झंडा मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल के बीच लोगों ने महावीरी झंडे की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में वार्ड सदस्य सह भावी मुखिया प्रत्याशी बिपिन बैठा की अहम भूमिका रही। उन्होंने आयोजन की तैयारियों में सक्रिय योगदान देते हुए व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग किया। मेले में आए श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा गया। वही गौनाहा थाना की पुलिस मुस्तैद रही।ग्रामीणों ने सफल आयोजन के लिए वार्ड सदस्य सह भावी मुखिया प्रत्याशी बिपिन बैठा सहित आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गांव में उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा।वही इस मौके पर सच्चिदानंद महतो, कमल महतो, मधुरेंद्र महतो, लोकेश महतो, जितेंद्र मांझी, राकेश महतो, संजेश महतो, रवि महतो, सागर महतो आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# फ्लैश फ्लड के बाद गंडक बराज क्षेत्र में बाढ़ का खतरा, मुख्यमंत्री ने किया हवाई सर्वेक्षण

## निचले इलाकों में बढ़ी सतर्कता, रामपुरवा से गंडक बराज तक एसएसबी की आरआरटी तैनात

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** तिब्बत-नेपाल सीमा क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की घटना के बाद गंडक नदी के निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। वाल्मीकिनगर और गंडक बराज क्षेत्र में संभावित खतरे को देखते हुए गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिहार के मुख्य सचिव भी मौजूद रहे। हवाई सर्वेक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने सड़क मार्ग से गंडक बराज पहुंचकर बांध और नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव, पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी, बगहा के पुलिस अधीक्षक और एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तापेश्वर संबित राउत ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने गंडक नदी के जलस्तर, संभावित बाढ़ के खतरे और प्रशासनिक तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

**संवेदनशील इलाकों में एसएसबी की पैनी नजर:** एसएसबी 21वीं वाहिनी बगहा के कमांडेंट तापेश्वर संबित राउत ने मुख्यमंत्री को बताया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव दल को तैयार रखा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में एसएसबी की रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रामपुरवा, चकदवा, कोलेश्वर और गंडक बराज सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर जवानों की तैनाती की गई है। अचानक बाढ़ या किसी अन्य आपदा की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू करने के लिए टीमों को आवश्यक संसाधनों के साथ तैयार रखा गया है। प्रशासन की ओर से निचले और सीमावर्ती इलाकों में विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है।

**जलस्तर में बदलाव पर लगातार निगरानी:** फ्लैश फ्लड के बाद गंडक नदी के निचले क्षेत्रों में खतरे की आशंका को देखते हुए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। नदी के जलस्तर में होने वाले बदलाव की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्य तत्काल शुरू किया जाएगा। फिलहाल वाल्मीकिनगर और गंडक बराज क्षेत्र में प्रशासनिक एवं सुरक्षा तंत्र पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

### सहरसा : फ्लाई ऐश से किसानों की उपजाऊ भूमि को गंभीर नुकसान



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** जिला के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र में एनएच-107 के विस्तारीकरण के दौरान सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही फ्लाई ऐश से किसानों की उपजाऊ भूमि को गंभीर नुकसान पहुंचने की शिकायत सामने आई है। बारिश के दौरान सड़क किनारे जमा फ्लाई ऐश बहकर आसपास के खेतों में पहुंच रही है। इससे खेतों में परत-दर-परत राख जमा होने से फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है और जमीन की उर्वरता पर भी खतरा मंडरा रहा है। सबसे अधिक परेशानी मनौरी चौक स्थित लिंक सड़क के दोनों किनारे स्थित खेतों के किसानों को हो रही है। एक रैयत ने बताया कि बारिश के बाद फ्लाई ऐश बहकर खेत में जमा हो गई है। कई जगहों पर इसकी मोटी परत करीब एक से दो फीट तक पहुंच गई है। किसान कुदाल से खेत में जमा फ्लाई ऐश हटाने का प्रयास करते भी नजर आए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते खेतों से फ्लाई ऐश नहीं हटाई गई तो इसका फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। लगातार राख जमा होने से खेत की उर्वरता कम होने और जमीन के बंजर होने का खतरा भी बढ़ सकता है। किसानों के सामने समस्या यह है कि कानूनी अड़चन और अतिरिक्त खेतों में एक से दो फीट तक जमा हुई राख, फसलों की बढ़वार प्रभावित; किसानों ने जल्द हटाने की मांग की खर्च के कारण वे अपने स्तर से खेतों से फ्लाई ऐश हटाने में असमर्थ हैं। किसानों ने संबंधित निर्माण एजेंसी से तत्काल कार्रवाई करते हुए खेतों से फ्लाई ऐश हटाने और भविष्य में बारिश के दौरान इसके खेतों में बहकर आने से रोकने की व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध में पेटी कांट्रेक्टर के एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर ने बताया कि जल्द ही खेतों में जमा फ्लाई ऐश को हटवा दिया जाएगा। उनके आश्वासन के बाद किसानों को उम्मीद है कि शीघ्र कार्रवाई कर उनकी उपजाऊ भूमि को और अधिक नुकसान से बचाया जा सकेगा। बंजर होने की कगार पर खेत, फसलों को नुकसानः फ्लाई ऐश की मोटी परत खेतों में जमा होने से फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो इसका सीधा असर उनकी आजीविका और आगामी फसल उत्पादन पर पड़ेगा। किसानों ने निर्माण कार्य में पर्यावरणीय और कृषि भूमि की सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की भी मांग की है।

### 15 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, कोर्ट वारंटी भी धराया

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** पतरघट पुलिस ने मंगलवार देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 15 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक कथित शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। वहीं, बुधवार को एक कोर्ट वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसआई अनुज कुमार ने पुलिस बल के साथ विशनपुर में छापेमारी की। इस दौरान कमलजड़ी निवासी अभिषेक कुमार, पिता ब्रह्मदेव साह, को 15 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ मौके से गिरफ्तार किया गया। वहीं, पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए भद्दी कला निवासी कोर्ट वारंटी जयकांत यादव, पिता गुणीलाल यादव, को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मोतिहारीः जिलाधिकारी द्वारा संत श्री गुरु रविदास जयंती की 650वीं जयंती के अवसर पर अनु0 जाति टोलों में समरसता संकल्प अभियान चलाया गया

लोकतंत्र की आवाज



**जिला ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी**

दिनांक- 27.08.2026 को पूर्वी चम्परण,मोतिहारी जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव द्वारा द्वारा श्री संत गुरु रविदास जी की 650वीं जयन्ती के अवसर पर अनु० जाति टोलों में समरसता संकल्प अभियान के तहत् मोतिहारी प्रखण्डन्तर्गत पंचायत सिरसा माल के पंचायत सरकार भवन में श्री संत गुरु रविदास जी की पटचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया गया।जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि श्री संत गुरु रविदास जी की 650वीं जयन्ती के अवसर पर अनु० जाति टोलों में समरसता संकल्प अभियान के अन्तर्गत विभागीय निदेशानुसार पूर्वी चम्पारण जिले में प्रत्येक सप्ताह के वृहस्पतिवार को माईक्रो प्लान के अनुसार चयनित अनु० जाति टोलों में दिनांक 27.08.2026 से दिनांक 15.02.2027 तक शिविर आयोजित किया जाना है, जिसके तहत आज दिनांक 27.08.2026 को कुल 27 प्रखण्डों के 48 (अड़तालिस) अनु० जाति टोलों में शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजित सभी शिविरों में कुल 22 योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाते हुए सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से आच्छादित किया जाना है। सभी संबंधित विभाग को निदेश दिया गया कि शिविर में उपस्थित सभी अनु० जाति के व्यक्तियों की समस्या का निवारण करते हुए विकास की मुख्य धारा से जोड़ना सुनिश्चित करेंगे, ताकि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से शत-प्रतिशत अनु० जाति के व्यक्तियों को आच्छादित किया जा सकें। इस अभियान के तहत दिनांक 18.08.2026 से 20.08.2026 तक कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया था। शिविर में जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के द्वारा लालमुनी देवी, पति- मुखलाल माँझी, सविता कुँअर, पति गणपत राम,राकेश राम,पिता बंती राम,प्रेमशिला देवी, पति मुनचुन माँझी,रिंकु देवी,पति शिव राम, सोना देवी,पति पुनीत राम,पिंकी देवी,पति अनिल माँझी को राशन कार्ड एवं सुरज कुमार,पिता रामबाबु माँझी,संध्या कुमारी, पिता-रामबाबु माँझी,अनुष्का कुमारी, पिता चंदन कुमार, रौशनी कुमारी,पिता सोनालाल साह को जन्म प्रमाण पत्र का (हकदारी) वितरण किया गया, साथ हीं शिविर प्रभारी को वंचित अनु० जाति के व्यक्तियों का आवेदन-पत्र प्राप्त कर (हकदारी) वितरण करने का निदेश दिया गया। शिविर में संतोष कुमार पाण्डेय,जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्वी चम्परण,मोतिहारी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सदर मोतिहारी,अंचलाधिकारी, सदर मोतिहारी,प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी,सदर मोतिहारी,प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सदर मोतिहारी,राजकुमारी देवी, मुखिया,रेखा देवी,सरपंच, विकास मित्र एवं आमजन

### रक्सौल को आर्थिक हब के रूप में विकसित करने तथा आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आईसीपी, रक्सौल में बैठक हुई


लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी पूर्वी चंपारण।** रक्सौल, 27 अगस्त 2026। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री,भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 25.02.2026 को किशनगंज (बिहार) में आयोजित ''भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण'' की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के क्रम में गुरुवार को इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट, रक्सौल में जिला प्रशासन एवं संबंधित हितधारकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रक्सौल को एक सुदृढ़ एवं विकसित आर्थिक हब के रूप में विकसित करने, व्यापारिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के समग्र विकास को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान रोड,नेटवर्किंग,रक्सौल की बढ़ती व्यावसायिक एवं यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बेहतर कनेक्टिविटी यातायात प्रबंधन,पार्किंग, सार्वजनिक परिवहन तथा शहरी आधारभूत संरचनाओं के विकास की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। इसके अतिरिक्त,रक्सौल शहर के दर्यीकरण,स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं समुचित शहरी नियोजन के संबंध में भी आवश्यक कार्ययोजना तैयार किए जाने पर चर्चा हुई। विभिन्न विभागों एवं हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने पर बल दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त,डॉ प्रदीप कुमार अनुमंडल पदाधिकारी विशेष कार्य पदाधिकारी,कार्यपालक पदाधिकारी, एसएसबी के प्रतिनिधी, एनएचएआई, बस एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स,एयरटेल, जीओ के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संबंधित विभागों एवं हितधारकों को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्रस्ताव एवं आवश्यक कार्ययोजना उपलब्ध कराने तथा आपसी समन्वय के साथ रक्सौल के समग्र एवं सुव्यवस्थित विकास की दिशा में कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

### रक्षाबंधन को लेकर सिमरी बख्तियारपुर बाजार में बढ़ी रौनक, राखी दुकानों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य बाजार में खरीदारी को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार में राखी की दुकानों पर महिलाओं और लड़कियों की भीड़ देखने को मिल रही है। बहनें अपने भाइयों की कलाई सजाने के लिए तरह-तरह की राखियां पसंद कर रही हैं, जिससे बाजार में त्योहार की रौनक साफ नजर आ रही है।मुख्य बाजार में सजी राखी की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की आवाजाही बनी हुई है। महिलाएं और युवतियां अपनी पसंद के अनुसार अलग-अलग डिजाइन और रंगों वाली राखियां खरीदती नजर आ रही हैं।इस बार दुकानों पर पारंपरिक राखियों के साथ कई नए डिजाइन और आकर्षक वैरायटी भी उपलब्ध हैं। बच्चों और युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए रंग-बिरंगी और अलग-अलग डिजाइन वाली राखियां भी दुकानों पर सजाई गई हैं। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी भीड़ का असर अन्य दुकानों पर भी देखने को मिल रहा है। कपड़े, मिठाई और गिफ्ट की दुकानों पर भी लोग खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। त्योहार को लेकर बाजार में दुकानदारों ने भी विशेष तैयारी की है और दुकानों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। राखी दुकानदार विजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन को लेकर ग्राहकों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार राखी खरीदने के लिए अधिक लोग दुकानों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की पसंद को देखते हुए कई नए डिजाइन की राखियां मंगाई गई हैं। इस बार व्यापार अच्छा रहने की उम्मीद है। इधर, रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ती भीड़ से दुकानदारों के चेहरे पर भी खुशी नजर आ रही है। आने वाले दिनों में त्योहार नजदीक आने के साथ बाजार में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। बहनें राखी के साथ भाइयों के लिए उपहार और मिठाई की भी खरीदारी कर रही हैं, जिससे पूरे बाजार का माहौल उत्सवमय बना हुआ है।

## मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 01 से 03 सितंबर तक मनेगा 'बापूधाम महोत्सव-2026

लोकतंत्र की आवाज



**ज़िला ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी की ऐतिहासिक भूमि गांधी मैदान में आगामी 01 सितंबर से 03 सितंबर तक तीन दिवसीय भव्य "बापूधाम महोत्सव-2026" का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में मोतिहारी परिसदन में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक प्रमोद कुमार,जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे शुभारंभ**

बापूधाम महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन 01 सितंबर को पूर्वाह्न 10:30 बजे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री जी को जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सादर आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूरा शेड्यूल (संध्या 5:00 बजे से) 01 सितंबरः प्रसिद्ध लोक गायिका सह विधायक सुश्री मैथिली ठाकुर, करीना पांडेय और सबिता पांडेय की सुरीली प्रस्तुति से महोत्सव का आगाज होगा। 02 सितंबरः प्रसिद्ध बॉलीवुड पार्श्व गायक सलमान अली अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी अपनी कला का प्रदर्शन करने का मंच मिलेगा। 03 सितंबरः मशहूर कलाकार अजीत आनंद एवं उनकी टीम की शानदार प्रस्तुति होगी। इसी दिन डॉ. तीष्या श्री के नेतृत्व में देश के विख्यात कवि नीलोत्पल मृणाल, स्वयं श्रीवास्तव सहित अन्य कवियों का भव्य हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

**प्रशासनिक अधिकारियों ने गांधी मैदान की तैयारियों का लिया जायजा**

महोत्सव के भव्य और सुरक्षित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव,पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात,उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा, सदर एसडीएम अरुण कुमार और एसडीपीओ दिलीप कुमार ने गांधी मैदान पहुंचकर स्थल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए डीएम और एसपी ने बताया कि सुरक्षा, पार्किंग और दर्शकों की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे किए जा रहे हैं।

## मोतिहारीः डीएलएसए सचिव ने किया पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**ज़िला ब्यूरो चीफ शशिकांत मोतिहारी।** मोतिहारी, 27 अगस्त 2026 जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी द्वारा आज पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सचिव महोदय ने पर्यवेक्षण गृह परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर ढंग से बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि परिसर के सभी हिस्सों की नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नमी के कारण खराब हुई दीवारों की आवश्यक मरम्मत कराकर उनका पेंटिंग कार्य शीघ्र कराया जाए, ताकि बच्चों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने पर्यवेक्षण गृह के अधिकारियों एवं कर्मियों को यह भी निर्देश दिया कि बाहर से किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित अथवा अनधिकृत सामान/उत्पाद को पर्यवेक्षण गृह के अंदर लाए जाने पर कड़ी निगरानी रखी जाए। प्रवेश एवं सुरक्षा व्यवस्था पर नियमित रूप से नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव महोदय द्वारा किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) स्थित विधिक सहायता क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने क्लिनिक के माध्यम से किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श की व्यवस्था की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि पात्र बच्चों को उनके अधिकारों, विधिक सहायता एवं किशोर न्याय से संबंधित प्रावधानों की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराई जाए। सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को सम्मानजनक, सुरक्षित, स्वच्छ एवं बाल- अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हेमजा भारत विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला।** प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमजा भारत में छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक राजेश रंजन की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हाथों पर आकर्षक एवं सुंदर मेहंदी की कलाकृतियां उकेरीं। प्रतियोगिता के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसमें स्वीटी कुमारी ने प्रथम, रिया भारती ने द्वितीय तथा सुषमा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल अन्य छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास होता है। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश रंजन, ललन कुमार, समीर, आरजू, रंजन कुमार, अरुण राजवंशी समेत विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### रक्षाबंधन को लेकर बाजारो में चलल पहल



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**पीरपैंती।** पीरपैंती रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। भाई–बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक इस पर्व को लेकर शेरमारी बाजार, सुंदर पुर, पैती बाजार सहित सभी जगह खरीददारो की भीड़ देखी गई। बाजार में जगह–जगह रंग–बिरंगी और आकर्षक राखियां की दुकान सजी रही। विशेष कर मिठाई के दुकानों पर अधिक भीड़ लगी रही ।डिजाइनिंग राखियां लोगों को आकर्षित कर रही है। दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष बच्चों से लेकर युवाओं तक और महिलाओं के पसंद को ध्यान में रखते हुए कई तरह की राखियां उपलब्ध हैं।10 रुपैया से लेकर 250 रुपैया तक की राखियां बाजार में उपलब्ध हैं। ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। रक्षाबंधन को लेकर मिठाई दुकानदारों की पहले से ही तैयारी कर रखी हैं। कारीगर कई तरह की मिठाइयां बनाने में लगे हुए हैं।

### तीन पंचायतों में विकास शिविर, ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष रखीं समस्याएं



**महताब अंसारी,**
**कोंच (गया)।** संत रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को असलेमपुर, कोंच और श्रीगांव पंचायत में संत रविदास विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ चंदन कुमार की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, राशन कार्ड, सड़क, नाली और पेयजल जैसी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर समाधान किया, जबकि अन्य मामलों के जल्द निष्पादन का भरोसा दिलाया। बीडीओ ने कर्मियों को सभी प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लोगों को लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। शिविर में पंचायत सचिव, कर्मियों के अलावा जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मनन कुमार मिश्रा के समर्थन में नवादा जिला अधिवक्ता संघ ने जताई एकजुटता



**आर्यन मोहन**
**नवादा।** जिले में गुरुवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ की ओर से भारतीय विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के समर्थन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनके समर्थन में पोस्टर प्रदर्शित करते हुए एकजुटता का संदेश दिया ।बैठक में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष तेज नारायण यादव, महासचिव अरविन्द कुमार, प्रभारी विया भूषण, उमा नसीम, नीलम प्रवीण, आदित्य राज केशव, संजय कुमार, वाल्मीकि प्रसाद भट्ट, करण कुमार मधुकर, शशिभूषण सिंह, विनय कुमार, अजित कुमार, अरुण, पूर्व महासचिव संत शर्मा, प्रमोद कुमार, अनिल दुबार, अरविन्द कुमार शर्मा सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे ।वक्ताओं ने मनन कुमार मिश्रा द्वारा अधिवक्ता समाज के हित में किए गए कार्यों की सराहना की। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए किए जा रहे प्रयासों को समर्थन मिलना चाहिए ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने मनन कुमार मिश्रा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और अधिवक्ता समाज की एकजुटता का संदेश दिया।

# मजबूरी को बनाया ठगी का हथियार, निसंतान महिलाओं और सस्ते लोन का झांसा देने वाला साइबर गिरोह बेनकाब

### तीन अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर तीन शातिर अंतरजिला साइबर ठगों को गिरफ्तार किया

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-नवादा पुलिस कप्तान (रढ) के कुशल मार्गदर्शन और वारिसलीगंज पुलिस की सतर्कता से साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में गठित एसआईटी (रक्ळ) ने वारिसलीगंज के तीन अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर तीन शातिर अंतरजिला साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी की रकम, छह मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड एवं कस्टमर डेटा बरामद किया है।

**गिरफ्तार आरोपियों का विवरण:** मोहित कुमार, पिता- सुनील प्रसाद, साकिन- मकनपुर, थाना- वारिसलीगंज, जिला- नवादा,पिंटू कुमार, पिता- बुलक महतो, साकिन- तारे, थाना- शेखपुरा, जिला- शेखपुरा,रोहित कुमार, पिता- साजो साह, साकिन- माफी गली, वार्ड- 12, थाना,वारिसलीगंज, जिला- नवादा।

**मजबूरी और जरूरत को बनाया ठगी का हथियार :** पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने ठगी के ऐसे तौर-तरीकों का खुलासा किया, जिनमें लोगों की मजबूरी और जरूरत को निशाना बनाया जाता था। निसंतान महिलाओं को बनाते थे निशानाः एचडीएफसी बैंक के पास से गिरफ्तार मोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सोशल मीडिया के जरिए ऐसी महिलाओं के मोबाइल नंबर जुटाता था, जिन्हें संतान नहीं हो रही थी। इसके बाद खुद को 'एडवाइजरी डॉक्टर' या मेडिकल स्टाफ बताकर दवा और इलाज का झांसा देता था। इलाज शुरू कराने के नाम पर आधार कार्ड, पासबुक और प्रोसेसिंग फीस के बहाने पीड़ितों से रुपये ऐंठता था। सस्ते लोन का झांसा देकर जालसाजीः सब्जी मंडी और एसबीआई एटीएम के पास से गिरफ्तार पिंटू कुमार और रोहित कुमार फर्जी बैंक मैनेजर बनकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस के अनुसार, वे 'बजाज फाइनेंस' और 'रिलायंस फाइनेंस' के नाम का इस्तेमाल कर फेसबुक एवं कस्टमर डेटा से मोबाइल नंबर हासिल करते थे। इसके बाद सस्ती ब्याज दर पर लोन दिलाने का लालच देकर लोगों से हजारों रुपये की ठगी करते थे।

**छह मोबाइल समेत नकदी और कस्टमर डेटा बरामदः** पुलिस ने आरोपियों के पास से 05 एंड्रॉइड एवं 01 कीपैड मोबाइल, कुल 06 मोबाइल,16,500 रुपये नकद, ठगी की राशि,02 एटीएम कार्ड,01 पन्ना कस्टमर डेटा शीट बरामद किया है ।इस मामले में वारिसलीगंज थाना में कांड संख्या- 620/26, दिनांक 26.08.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 303(2), 318(4), 318(2), 340(2), 111 (संगठित अपराध), 338, 336(2), 61(2), 3(5) एवं क्ळ अू३ की धारा 66/66इ/66उ/66ऊके तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों एवं ठगी के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

**पुलिस की कार्रवाई से साइबर ठगों में खलबली :** वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी की त्वरित, योजनाबद्ध एवं निर्णायक कार्रवाई की स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि साइबर ठगों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई से अपराधियों में खौफ बढ़ा है। पुलिस की इस कार्रवाई से आम नागरिकों का भरोसा मजबूत हुआ है और साइबर अपराध के खिलाफ वारिसलीगंज पुलिस का अभियान और तेज होता दिखाई दे रहा है।

## हिसुआ के फूलवरिया रोड स्थित देहली पब्लिक स्कूल में छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट




लोक तंत्र की आवाज

- हिसुआ डीपीएस में छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट
- कार्यवाई के लिए प्राचार्या नें पुलिस से कार्यवाई का किया मांग

**नीरज कुमार संजीव**
**हिसुआ।** हिसुआ के फूलवरिया रोड स्थित देहली पब्लिक स्कूल में छात्रों के दो गुटों में गुरुवार को जमकर मारपीट की घटना घटने से विद्यालय परिसर के भीतर भयावह माहौल बन गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ विद्यालय परिसर में जमा हो गया। मारपीट की घटना में शामिल एक गुट के छात्रों पर विद्यालय में नहीं पढ़ने और विद्यालय के बच्चों से हमेशा रंगदारी करने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के समीप आसपास के कुछ युवकों द्वारा विद्यालय के बच्चों से लगातार मारपीट और अभद्रता की बातें कही गई है। हलांकि घटना के बाद मारपीट में शामिल छात्रों और पिटाई खाने वाले बच्चों के परिजनों के बीच समझौता का प्रयास चलने लगा है. लेकिन घटना को लेकर विद्यालय प्राचार्या एलरो थॉमस द्वारा हिसुआ पुलिस को दिए गए आवेदन से मामला तूल पकड़ लिया है। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय के छात्रों संग घटित इस अमानवीय घटना की सर्वत्र निंदा की जा रही है। पुलिस प्राचार्य के आवेदन पर अग्रेत्तर कार्यवाई में जुट गई है।

## आरटीपीएस सेवाओं में देरी पर सीओ सख्त, समय पर प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**महताब अंसारी**
**कोंच (गया)।** कोंच अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी रितु सोनी ने गुरुवार को आरटीपीएस काउंटर, सहज वसुधा केंद्र एवं रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित आवेदनों की जानकारी लेते हुए कर्मियों को जाति, आवासीय, आय सहित सभी प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा में जारी करने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि लोगों को सरकारी सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके बाद उन्होंने सहज वसुधा केंद्र और रिकॉर्ड रूम का जायजा लिया तथा अभिलेखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखरखाव का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मियों से समय पर कार्यों का निष्पादन करने और कार्यालय आने वाले लोगों के साथ शालीन व्यवहार करने को कहा। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाकर आम लोगों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराना बताया गया।

## रचनात्मकता के रंगों से सजी राखियां,ज्ञानदीप के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-ज्ञानदीप इंटरनेशनल विद्यालय में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर विद्यार्थियों के बीच राखी प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं।प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, भाई-बहन के पवित्र रिश्ते तथा रचनात्मकता की भावना को बढ़ावा देना रहा। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर मधु राज एवं प्रधानाचार्य श्री दिनेश कुमार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं।प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक ऋशु सिन्हा, चाहत सर, संजीव सर, अनुवर्मा मिस, प्रियंका मिस सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में परी, प्रिया, राखी, अंशु, अंजलि, शिवराज, कन्हैया, दीपक सहित विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी कार्यक्रमों में भी इसी तरह उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## रक्षाबंधन की खरीदारी से सिरदला, लौंद व बरदहा बाजार में घंटों जाम, पुलिस ने संभाली व्यवस्था



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला, नवादा।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर गुरुवार को सिरदला प्रखंड क्षेत्र के सिरदला, लौंद एवं बरदहा बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बहनों ने भाइयों के लिए राखी, मिठाई और उपहारों की जमकर खरीदारी की। राखी, पेड़ा, मिठाई, फल एवं उपहार सामग्री की दुकानों पर सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ देखी गई। सबसे अधिक भीड़ सिरदला बाजार में रही, जहां वाहनों और लोगों की बढ़ती आवाजाही के कारण मुख्य सड़क पर घंटों जाम लगा रहा। जाम में छोटे-बड़े वाहन फंसे रहे, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। लौंद और बरदहा बाजार में भी खरीदारी को लेकर भारी भीड़ रही। जाम की सूचना मिलते ही सिरदला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभालते हुए वाहनों को व्यवस्थित कराया। पुलिस की मशक्कत के बाद धीरे-धीरे जाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो सका।

## कोंच : रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कोंच के बाजारों में उमड़ी भीड़, राखी और मिठाइयों की जमकर बिक्री





लोकतंत्र की आवाज

**महताब अंसारी**
**कोंच (गया)।** शुक्रवार को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व को लेकर गुरुवार को कोंच बाजार, ददरेजी, आंती, काबर, उसास देवरा आदि बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। सुबह से ही बाजारों में लोगों की भीड़ देखने को मिली। बहनें भाइयों के लिए आकर्षक राखियां खरीदती नजर आईं, वहीं मिठाई और उपहार की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। बाजारों में जगह-जगह रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहार सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं। रक्षाबंधन शुक्रवार को होने के कारण गुरुवार शाम तक खरीदारी का सिलसिला तेज रहा। स्थानीय निवासी कुंदन कुमार गर्ग ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में खूब रौनक है। जगह-जगह राखी और मिठाई की दुकानें सजी हुई हैं और लोग पूरे उत्साह के साथ खरीदारी कर रहे हैं। मिठाई दुकानदार जयराम जी ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर लड्डू, पेड़ा, बर्फी सहित अन्य मिठाइयों की मांग बढ़ी है। गुरुवार को ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही और बिक्री भी बेहतर रही। त्योहार को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से दुकानदारों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# रजौली : अंधरवारी पंचायत भवन में आयोजित हुआ सखी वार्ता कार्यक्रम, महिलाओं-बच्चों को कानूनी अधिकार, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति योजना के तहत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन नवादा के तत्वावधान में गुरुवार को प्रखंड के अंधरवारी पंचायत भवन में ₹सखी वार्ता₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, किशोर-किशोरियां और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर महिलाओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा तंत्र तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म करने और बेटियों की शिक्षा एवं समग्र विकास पर विशेष जोर दिया।महिला हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 181 की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना या किसी अन्य संकट की स्थिति में महिलाएं इस नंबर पर तुरंत मदद ले सकती हैं। लैंगिक विशेषज्ञ पंकज कुमार ने लैंगिक हिंसा और पोक्सो (ढडउरड) अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों को ₹सुरक्षित स्पर्श₹ और ₹असुरक्षित स्पर्श₹ के अंतर को समझाते हुए आपातकालीन चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी।






**साइबर अपराध से बचाव के टिप्स :** वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमन कुमार ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया। उन्होंने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, यूपीआई व कार्ड फ्रॉड, फर्जी प्रोफाइल, ब्लैकमेलिंग और सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही किसी भी तरह की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

**ग्रामीणों ने रखी अपनी बात :** कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों और किशोरियों ने अपनी जिज्ञासाएं और समस्याएं साझा कीं, जिनका मौके पर ही विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। उपस्थित लोगों ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की और महिला एवं बाल सुरक्षा तथा सामाजिक कुप्रथाओं के उन्मूलन में सहयोग का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर महिला और बच्चा अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग हो सके।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भैसहीं के पूर्ववर्ती छात्रों ने पेश की मिसाल- डीएम



लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसहीं से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा विद्यालय में पठन पाठन कर रहे छात्रों को कम्प्यूटर, इन्वर्टर, प्रिंटर, हैन्ड पम्प सहित लाखों रुपए के आवश्यक सामग्री अपने तरफ से भेंट की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार ने भैसहीं के ग्रामीणों की सराहना करते हुए इसमें अग्रणी भूमिका निभाने वाले ग्रामीण वरीय पत्रकार अखिलेश कुमार की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में सरकारी विद्यालयों में सहयोग या दान देने की परम्परा समाप्त होते जा रहा है, वैसे समय में अखिलेश ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर पठन पाठन सामग्री की व्यवस्था सक्षम पूर्ववर्ति छात्रों के सहयोग से किया है वह पहल काबिलेतारिफ है। इसका अनुकरण जिले के हर सरकारी स्कूलों में होना चाहिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय के लिए सामग्री उपलब्ध कराने वाले रामाकांत राय, ब्रजेश राय, करन कुमार गोलू, लक्ष्मण राय, कुशनाथ राय आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भैसहीं निवासी वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश कुमार ने कहा कि हर विद्यालय से पढ़े लिखे कुछ लोग ऐसे जरूर होते हैं जिनके छोटे छोटे मदद से भी छात्र छात्राओं के लिए बड़ा सहयोग हो सकता है। इस दौरान बच्चों प्रदर्शनी लगाई को जिलाधिकारी ने सराहना की। जिलाधिकारी सहित अन्य आगत अतिथियों को अंगवस्त्र तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसहीं के प्राचार्या प्रमिला कुमारी ने स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुशील कुमार, अलोक सिंह आदि का योगदान सराहनीय रहा।

### राजपुर: बघैला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
राजपुर। अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बघैला थाना की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक ही गांव से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर विधिवत अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए तीनों वारंटी ग्राम परसिया, थाना बघैला जिला रोहतास के निवासी हैं।इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष करण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में कामेश्वर पासवान, पिता धनराज पासवान, लालबाबू पासवान, पिता कामेश्वर पासवान तथा जगनारायण पासवान, पिता कामेश्वर पासवान शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### श्री संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत दो महादलित टोलों में शिविर आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
संझौली। श्री संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत संझौली प्रखंड क्षेत्र में दो महादलित टोलों में शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत सरकार भवन में आयोजित इस शिविर में ग्राम चांदी इंग्लिश एवं संझौली के ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास जी की तस्वीर पर धूप–माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान संत रविदास जी के विचारों और समाज में समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश पर चर्चा की गई। शिविर में विकास मित्र, पंचायत सचिव, कृषि समन्वयक, टोला सेवक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता शामिल हुई। उपस्थित लोगों को अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया गया। विकास मित्र जगदम्बा कुमारी ने बताया कि श्री संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत महादलित टोलों में शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया जा रहा है।

### कोचस लॉज मे हुई छापेमारी आधा दर्जन युवक-युवतियां गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। स्थानीय बाजार स्थित एक लॉज में गुरुवार को छापेमारी की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने देह व्यापार के धंधा मे संलिप्त कई युवक एवं युवतियों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई जहां होटल के कमरे में कई युवक एवं युवतियाँ आपत्तिजनक स्थिति में पाई गई । पुलिस द्वारा अचानक किए गए इस कार्रवाई के बाद अन्य होटल संचालकों में हड़कंप मची हुई है। छापेमारी की यह करवाई कोचस बस स्टैंड स्थित आर्शीवाद लॉज में की गई। पुलिस द्वारा करीब डेढ़ घंटे तक होटल के पूरे कमरे को को खंगाला जहां आधा दर्जन युवाओं एवं युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पाया गया । इस संबंध में एसडीपीओ टू संजीव कुमार ने बताया कि उक्त लॉज में यह व्यापार किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी सूचना के बाद हाल रूप से पुलिस टीम का गठन पर लॉज में छापेमारी की गई।

### सड़क हादसे मे महिला घायल

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोचस बाजार में बस के चपेट में आने से गुरुवार को एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला ग्राम कपसिया थाना कोचस निवासी स्वर्गीय दलेर साह की पत्नी लालमुनि देवी बताई जाती है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल महिला किसी निजी कार्य से कोचस आई थी जहां कार्य कर घर लौट के दौरान महात्मा गांधी चौक के समीप बस के चपेट में आ गयी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई , आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उक्त महिला को उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार ने उपचार उपरांत स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### काराकाट पशु मेला से हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी, प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। काराकाट थाना क्षेत्र स्थित पशु मेला परिसर से एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में भोजपुर जिले के हसन बाजार थाना क्षेत्र के नोनार के रसौली गांव निवासी प्रेमचंद सिंह के पुत्र प्रीतम कुमार ने काराकाट थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया है कि बुधवार सुबह करीब 10 :30 बजे वह काराकाट पशु मेला पहुंचे थे और अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नंबर बी आर 26 एच 6759 मेला परिसर के उत्तर दिशा में खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली। पीड़ित प्रीतम कुमार ने काफी खोजबीन की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। उसने आज गुरुवार को इसके बाद काराकाट थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अकोढ़ी गोला में इलेक्ट्रिक बाइक गोदाम में भीषण आग, 60 से अधिक गाड़ियां जलकर खाक - लाखों का नुकसान



लोकतंत्र की आवाज
डेहरी। जिले के अकोढ़ी गोला बाजार के चांदी रोड स्थित सरस्वती इलेक्ट्रिक बाइक एवं ई–रिक्शा गोदाम में गुरुवार सुबह 11 बजे भीषण आग लग गई। दमकल की तीन गाड़ियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। गोदाम मालिक जितेंद्र कुमार के अनुसार 60 से अधिक नई बाइक और ई–रिक्शा जलकर खाक हो गए हैं। प्रारंभिक तौर पर लाखों के नुकसान की आशंका है। थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि लिखित आवेदन मिलने पर जांच की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने शॉर्ट सर्किट को आग का कारण बताया है।

# बहनों ने अपने हाथों से सजाई राखी की थाली, भाइयों ने लिया जीवनभर रक्षा का संकल्प

लोकतंत्र की आवाज



■ आर.पी. सेंट्रल पब्लिक स्कूल में अनोखे अंदाज में मनाया रक्षाबंधन, राखी बांधकर बहनों ने खिलाई मिठाई तो भाइयों ने दिया सुरक्षा का वचन

**काराकाट।** प्रखंड के अमौना बाजार स्थित आर.पी. सेंट्रल पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व को लेकर गुरुवार को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अपने हाथों से आकर्षक राखियां तैयार कर विद्यालय के छात्र भाइयों की कलाई पर बांधीं। बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाकर उनके सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की सदैव रक्षा करने का संकल्प लिया तथा यथाशक्ति उपहार स्वरूप राशि प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की भावनाएं देखने को मिलीं। छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार की गई राखियों ने समारोह को और खास बना दिया। राखी बांधने के बाद भाई-बहनों के बीच स्नेह और अपनत्व का माहौल देखने को मिला।

**रक्षा का संकल्प ही रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत : संतोष उपाध्याय:** समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक संतोष कुमार उपाध्याय ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि एक-दूसरे की सुरक्षा, सम्मान और जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजा बलि ने लक्ष्मी को, यमराज ने यमुना को और भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को सुरक्षा का आश्वासन दिया था, उसी प्रकार आज भी यदि हर भाई अपनी बहन को सुरक्षा का विश्वास और सुरक्षा कवच प्रदान करे, तो हमारा राष्ट्र निश्चित रूप से एक महान राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम के साथ-साथ जिम्मेदारी की भावना भी जुड़ी होती है। समाज में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

**छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह:** रक्षाबंधन समारोह में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई राखियों से भाइयों की कलाई सजाई और मिठाई खिलाई। वहीं छात्रों ने बहनों की रक्षा करने का वचन देते हुए उनके प्रति अपने स्नेह का इजहार किया। पूरे विद्यालय परिसर में पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। मौके पर प्राचार्य उमाकांत पाण्डेय, शिक्षक बिनोद सिंह, रविकांत उपाध्याय, श्रीकांत, सोनू, सोनी, रेशमा सहित छात्र-छात्राओं में माही, प्रियांशु, आराध्या, सृष्टि, अंकिता, ममता, सुजाता, हिमांशु, राहुल, हर्षित, विश्वास, आशीष समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने रक्षाबंधन के पारंपरिक संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास, सम्मान और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत किया।

## रक्षाबंधन भी 'ज्ञान' देने का अवसर क्यों?

लोकतंत्र की आवाज



दिनेश तिवारी
**सासाराम।** रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, भाई-बहन के स्नेह, विश्वास, मर्यादा और पारिवारिक संस्कारों का पर्व है। ऐसे पर्व को लेकर कोई कंपनी विज्ञापन बनाए तो उससे रचनात्मकता की अपेक्षा स्वाभाविक है, लेकिन साथ ही सांस्कृतिक संवेदनशीलता की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है।

कृति सेनन के एक जूलरी विज्ञापन में ब्रालेट जैसे परिधान में ऑनस्क्रीन भाई को राखी बांधने का दृश्य सामने आने के बाद विवाद खड़ा हुआ। लोगों ने आपत्ति जताई, सोशल मीडिया पर आलोचना हुई और कंगना रनौत ने भी सवाल उठाए। अंततः विवाद बढ़ने पर कंपनी को विज्ञापन वापस लेना पड़ा। सवाल कृति सेनन के कपड़ों से कहीं बड़ा है।

सवाल यह है कि सनातन के त्योहारों को ही विज्ञापन की 'क्रिएटिव आजादी' आजमाने का आसान मैदान क्यों समझा जाता है? क्या ईद, क्रिसमस या दूसरे धार्मिक पर्वों के प्रतीकों और भावनाओं के साथ भी कंपनियां ऐसी ही बेपरवाही करेंगी? यदि नहीं, तो फिर सनातन के पर्वों के मामले में यह दोहरा मापदंड क्यों?

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सबको है, आधुनिकता भी अपनी जगह है और किसी कलाकार के पहनावे पर व्यक्तिगत नैतिक पहरा लगाना भी उचित नहीं। लेकिन जब कोई ब्रांड करोड़ों लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़े प्रतीक को अपने विज्ञापन का हिस्सा बनाता है, तब व्यावसायिक लाभ से पहले संवेदनशीलता और सम्मान अपेक्षित है। रक्षाबंधन बाजार में बेचने की चीज नहीं, भावनाओं का पर्व है। विज्ञापन बनाइए, आधुनिक बनाइए, आकर्षक बनाइए—लेकिन आस्था को हल्का करके नहीं। और यदि गलती हो ही जाए तो विज्ञापन वापस लेना समाधान है, मगर उससे बड़ा समाधान है दूसरों की आस्थाओं के प्रति समान सम्मान रखना।

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर सांझौली बाजार में दिखी चहल-पहल, बहनों ने जमकर खरीदी राखियां

लोकतंत्र की आवाज



**सांझौली।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर सांझौली बाजार में चहल-पहल देखने को मिली। पर्व के नजदीक आते ही बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की जमकर खरीदारी की। संझौली बाजार में राखी, मिठाई, कपड़े और उपहार की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

दुकानदारों ने भी विभिन्न डिजाइन और आकर्षक रंगों की राखियां सजाकर ग्राहकों को आकर्षित किया। बच्चों और युवाओं के लिए कार्टून डिजाइन से लेकर पारंपरिक एवं फैंसी राखियां बाजार में उपलब्ध हैं। बहनों में रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। वे अपने भाइयों के लिए सुंदर राखियां और उपहार खरीद रही हैं। वहीं भाई भी अपनी बहनों को पर्व के मौके पर उपहार देने की तैयारी में जुटे हैं। बाजार में बढ़ी भीड़ से दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए। लोगों का कहना है कि रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का पावन पर्व है। पर्व के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख, समृद्धि और लंबी आयु की कामना करेंगी, जबकि भाई जीवनभर अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेंगे।

## भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन को लेकर प्रशासन सख्त, एसडीओ ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



■ बिक्रमगंज में भूमि विवाद एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक, आपसी समन्वय के साथ लंबित मामलों के निपटारे पर जोर

**बिक्रमगंज।** अनुमंडल क्षेत्र में भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर गुरुवार, 27 अगस्त 2026 को अनुमंडल कार्यालय, बिक्रमगंज में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने की। इसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित मामलों की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण अन्य विषयों पर भी बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मामलों की स्थिति से अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराया।

**आपसी समन्वय से विवादों के समाधान पर जोर:** अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा लंबित मामलों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के मामलों में समय रहते प्रभावी कार्रवाई होने से विवादों को बढ़ने से रोका जा सकता है। इसके लिए संबंधित विभागों एवं पुलिस-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

**शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी का निर्देश:** बैठक में अनुमंडल क्षेत्र की शांति एवं विधि-व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा किसी भी संवेदनशील स्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

## पांच दिन बाद परिवार से मिलीं लावारिस हालत में मिली वृद्धा, थानाध्यक्ष की पहल से सकुशल घर पहुंचीं

लोकतंत्र की आवाज



**काराकाट।** थाना क्षेत्र के मोथा गांव निवासी अयोध्या पासवान की मां मूर्ति कुंवर आखिरकार पांच दिन बाद गुरुवार को अपने परिजनों से मिल गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काराकाट, पुलिस और समाजसेवी के संयुक्त प्रयास से इलाजरत वृद्ध महिला को परिजनों के हवाले कर दिया गया। परिवार से मिलते ही महिला के चेहरे पर राहत और खुशी नजर आई।

जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त की रात काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार को अंधेरे और तेज बारिश के बीच सड़क किनारे एक वृद्ध महिला घायल अवस्था में मिली थीं। थानाध्यक्ष ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए अपनी निजी गाड़ी से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काराकाट पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू कराया गया। कई दिनों तक महिला की पहचान और उनके परिजनों का पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्हें कोईलवर स्थित वृद्धाश्रम भेजने का प्रयास किया गया, लेकिन आवश्यक जांच पूरी नहीं होने के कारण महिला को वापस काराकाट लाया गया। इसी बीच 27 अगस्त को महिला की पहचान मोथा गांव निवासी मूर्ति कुंवर के रूप में हुई।

मूर्ति कुंवर के पुत्र अयोध्या पासवान ने काराकाट थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी मां 23 अगस्त को स्वयं इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काराकाट गई थीं। इसके बाद उनका पता नहीं चल सका था। काफी खोजबीन के बाद अस्पताल में पहचान होने पर परिवार को इसकी जानकारी मिली।

थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि परिजनों ने वृद्ध महिला की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उन्हें परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। इस पूरे मानवीय प्रयास में समाजसेवी कुंदन पासवान की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने लगातार पांच दिनों तक महिला की देखभाल की और वृद्धाश्रम तक साथ जाकर उनकी मदद की। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने भी महिला के इलाज और देखभाल में सहयोग किया।

थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने लोगों से अपील की कि यदि कोई बुजुर्ग महिला या पुरुष असहाय अवस्था में मिलते हैं, तो उन्हें अकेला न छोड़ें। उन्हें सुरक्षित स्थान, अस्पताल अथवा संबंधित संस्था तक पहुंचाने के साथ-साथ उनके परिजनों की तलाश में भी सहयोग करें। पांच दिनों तक चली तलाश, इलाज और देखभाल के बाद आखिरकार मूर्ति कुंवर को उनका परिवार मिल गया और वह सकुशल अपने घर लौट गईं। इस पूरे घटनाक्रम ने पुलिस, स्वास्थ्यकर्मियों और समाजसेवियों की मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश की।

## झमाझम बारिश ने खोली जलनिकासी व्यवस्था की पोल, राजपुर की सड़कें बनीं जलमग्न

लोकतंत्र की आवाज

**राजपुर।** सावन माह के अंतिम दिन गुरुवार को करीब दो घंटे हुई झमाझम बारिश ने राजपुर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। बारिश के बाद राजपुर की कई प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं और जगह-जगह पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

राजपुर-डेहरी, नोखा रोड और नासरीगंज रोड पर घुटने भर तक पानी जमा होने जैसी स्थिति बन गई। नोखा रोड और डेहरी रोड पर जलजमाव इतना अधिक था कि कई बाइक और स्कूटर पानी में बंद हो गए। वाहन चालकों को काफी मशक्कत कर अपने वाहनों को पानी से बाहर निकालते देखा गया। बाजार निवासी गोरे लाल सिंह, चंदन कुमार, अमित चौधरी, उमेश चौधरी सहित अन्य लोगों ने बताया कि नोखा रोड और डेहरी रोड के नाले लंबे समय से जाम हैं। नालियों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर ही जमा हो जाता है। उनका कहना है कि हल्की बारिश में भी जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जबकि तेज बारिश में स्थिति और गंभीर हो जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, नाले की सफाई और जलनिकासी की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। बारिश के बाद राजपुर चौक सहित आसपास की कई सड़कों पर जलजमाव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से जाम पड़े नालों की शीघ्र सफाई कराने तथा जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान बाजारवासियों और राहगीरों को इस समस्या से निजात मिल सके।

## जन सेवा समिति की नई कमेटी गठित, बबलू मद्धेशिया बने अध्यक्ष; 4 सितंबर को भव्य कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का ऐलान



लोकतंत्र की आवाज

**डेहरी/डालमियानगर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रत्तू बिगहा में जन सेवा समिति, डेहरी-डालमियानगर की बैठक में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में आगामी 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

निदेशक विकास कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में बबलू मद्धेशिया को अध्यक्ष, शिवानंद प्रसाद व रवि शंकर प्रसाद को उपाध्यक्ष, अरविंद भारती व पंकज रंजन को सचिव और दीपक कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। दीपक कुमार सिंह को कोर कमेटी प्रमुख व आशुतोष कुमार को उपप्रमुख बनाया गया। समिति ने बताया कि जन सेवा समिति गरीबों, जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण, बेटियों के विवाह में सहयोग, इलाज में मदद और प्रत्येक शनिवार महाप्रसाद वितरण जैसे सेवा कार्य करती है। जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## समृद्ध महिला, समृद्ध बिहार' कार्यक्रम का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज



दिनेश तिवारी
**सासाराम (रोहतास)।** "समृद्ध महिला, समृद्ध बिहार" कार्यक्रम का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों को कार्यक्रम से जोड़ा गया। इसी क्रम में रोहतास जिले की जीविका दीदियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना। रोहतास समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका सुधीर बहादुर सहित कई जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य के 5 लाख लाभार्थियों को रोजगार सृजन के लिए प्रथम एवं द्वितीय किस्त के रूप में ₹10,000 एवं ₹20000 की राशि हस्तांतरित की गई। रोहतास जिले से भी लगभग 4000 से अधिक जीविका दीदियों को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रथम एवं द्वितीय किस्त की राशि हस्तांतरित की गई । इसके साथ ही जीविका निधि के अंतर्गत भी दीदियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण घोषणा की गई। जी राम जी योजना के सहयोग से राज्य में 112 ग्रामीण हाट-बाजारों के निर्माण को शामिल किया गया है। इन ग्रामीण हाट-बाजारों से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही "समृद्ध महिला, समृद्ध बिहार" पुस्तिका तथा "लखपति दीदी" से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "एक महिला का आत्मविश्वास बढ़ता है तो एक परिवार सशक्त होता है, और जब लाखों महिलाएं आत्मविश्वासी होती हैं तो पूरा बिहार बदलता है।"

"समृद्ध महिला, समृद्ध बिहार" कार्यक्रम महिला सशक्तीकरण, स्वरोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने बसोबार में आयोजित पेड़ रक्षाबंधन कार्यक्रम, लिया वृक्ष संरक्षण का संकल्प

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने आज बसोबार स्थित सेवाने नदी मंदिर के समीप पेड़ रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन में शामिल हुआ। इस अवसर पर पेड़ों को रक्षा सूत्र बाँधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें शुद्ध वायु, छाया और पर्यावरण का संतुलन प्रदान करने के साथ–साथ प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस प्रकार हम अपने रिश्तों की रक्षा का संकल्प लेते हैं, उसी प्रकार पेड़ों की रक्षा और उनकी देखभाल करना भी हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान ने देशभर में पर्यावरण संरक्षण को जन–आंदोलन का स्वरूप देने का कार्य किया है। हमें भी इस अभियान से प्रेरणा लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा आसपास के वातावरण को हरा–भरा एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, दिलीप साहू, रौशन सिन्हा, दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष शिवपाल यादव, आयोजक महेंद्र कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, संजय कुशवाहा, राजन सिन्हा, दिनेश पासवान, रंजीत सिन्हा, भरत प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, त्रिलोकी कुशवाहा, विक्की कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बगोदर हरिहरधाम के समिप जर्जर संडक को बनाए जाने की प्रशासनिक सहमती पर जाम बंदी स्थगित



लोकतंत्र की आवाज

बगोदर गिरिडीह (झारखंड)। बगोदर प्रशासन और NHAI से वार्ता के बाद सड़क जाम का कार्यक्रम स्थगित, जल्द सड़क निर्माण का मिला आश्वासन बगोदर थाना प्रभारी राजेश कुमार व NHAI (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के अधिकारियों के साथ हुई सकारात्मक वार्ता के बाद प्रस्तावित सड़क जाम का कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया गया है।

प्रमुख बिंदु: सहमति के बाद निर्णय: बगोदर मुखिया संघ और स्थानीय प्रशासन के बीच हुई बैठक में सड़क की जर्जर स्थिति और निर्माण कार्य को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों का आश्वासन: NHAI के अधिकारियों और थाना प्रभारी ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण व मरम्मत कार्य शुरू कराने का ठोस भरोसा दिया गया। उप मुखिया संघ के अध्यक्ष शेख मोकिम ने वार्ता के बाद जानकारी दी कि प्रशासन और NHAI के सकारात्मक आश्वासन को देखते हुए जनहित में सड़क जाम का फैसला वापस लिया गया है। यदि तय समय में कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### सदर प्रखण्ड के हाजीपुर पूरब पंचायत के बड़ी कोदर जन्ना में प्रधान चुनाव सम्पन्न, आशा देवी विजय घोषित



लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। सदर प्रखण्ड के हाजीपुर पूरब के बड़ी कोदर जन्ना में गुरुवार को प्रधान पद के लिए चुनाव कराया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने अपना नाम दिया जिसमें उपेंद्र प्रसाद सिंह, को 159 मत प्राप्त हुआ । वही रामविलाश सिंह को 121 मत प्राप्त हुआ जिसके बाद 38 मतों से उपेंद्र प्रसाद सिंह को विजय घोषित करते हुए अध्यक्ष चुना गया। वही चुनाव में बड़ी कोदर जन्ना पंचायत के पंचायत सचिव पिथो हेम्ब्रम को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। जिसके उपस्थिति में ग्रामीणों के समक्ष चुनाव प्रकिया प्रारंभ की गई। जिसमें प्रधान पद के लिए कुल चार लोगों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की जिनमें आशा देवी, कन्हाई मंडल, सुरेंद्र मंडल, शंभू मंडल थे। जबकि विजय उम्मीदवार आशा देवी को कुल 200 मत कन्हाई मण्डल को 97, सुरेंद्र मंडल 39 शंभू मंडल शून्य मत प्राप्त हुए जिसके बाद पर्यवेक्षक एवं अध्यक्ष की उपस्थिति में आशा देवी को विजय घोषित किया गया। जिसके बाद वहां उपस्थित ग्रामीणों ने आशा देवी का फूल माला फल स्वागत किया। वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से मुफस्सिल थाना के ए एस आई उमाकांत ओझा अपने पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।

### मयूरहंड : रक्षाबंधन पर मंझगावा-करमा पंचायत को मिला सुचारु बिजली का तोहफा



लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

मयूरहंड। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मंझगावा और करमा पंचायत के ग्रामीणों को सुचारु बिजली आपूर्ति का तोहफा मिला। 27 अगस्त का दिन दोनों पंचायतों के लिए लंबे समय तक यादगार रहेगा। मुखिया मंजीत सिंह एकतारा पावर सब स्टेशन पहुंचे और बिजली कर्मियों को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। उन्होंने बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए कनीय अभियंता समेत विभागीय कर्मियों का आभार व्यक्त किया। सुचारु बिजली आपूर्ति शुरू होने से ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं है। लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है और लंबे समय बाद बेहतर बिजली व्यवस्था मिलने से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। बेहतर वोल्टेज से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ–साथ किसानों और व्यवसायियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, आरा–भूसाई गांव को भी अब करमा लाइन से बिजली आपूर्ति मिल रही है। ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था में हुए सुधार को लेकर खुशी जताई। मौके पर समाजसेवी मुन्ना सिंह, सुभाष दांगी, मुरारी पांडेय, गोलू केशरी, अजित भुइया सहित कई बिजली कर्मी मौजूद रहे।

# यह संशोधन विधेयक संघीय ढांचे पर प्रहार है : राजीव रंजन प्रसाद, राम मंदिर के चंदा का गबन श्रद्धालुओं के साथ विश्वासघात : जेपी पटेल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** खान खनिज संशोधन विधेयक 2026 तथा अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से संबंधित चंदा एवं वित्तीय पारदर्शिता प्रश्न के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की ।कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माताओं में एक डॉ.भीमराव आम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश महासचिव सह जिला के प्रभारी ने धरना पर बैठे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह संशोधन विधेयक संघीय ढांचे पर न केवल प्रहार है, बल्कि झारखंड जैसा राज्य को उसके अधिकार से वंचित करने की सुनियोजित साजिश है । झारखंड में लगभग 15 लाख एकड़ भूमी में कोयला और लौह अयस्क का खनन होता है, जिससे विस्थापन, पर्यावरण, प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है ।

सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के 2024 के फैसले के आधार पर झारखंड मिनरल बेयरिंग लैंड सेस विधेयक पारित किया गया था, जिससे वित् वर्ष 2026-27 में 14 हजार करोड़ रूपये का राजस्व जुटा कर शिक्षा, स्वास्थ्य और मईयां सम्मान योजना जैसे कल्याणकारी योजनाओं में लगाने की योजना थी । केन्द्र के संशोधन से यह राजस्व रूक जाएगा ।

जीएसटी क्षतिपूर्ति में 4 हजार करोड़ तथा बीबीजी रामजी योजना से 8 हजार करोड़ रूपये का नुकसान होगा, पहले एक लाख 36 हजार करोड़ रूपया बकाया है, जिस पर ग्रहन लग सकता है ।धरना पर बैठे लोगों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से संबंधित चंदा एवं वित्तीय पारदर्शिता का प्रश्न भी अत्यंत गंभीर है । देशभर के करोड़ो श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ राम मंदिर के निर्माण के लिए अपना योगदान दिया है ।एसे मे मंदिर निर्माण एवं उससे संबंधित चंदे के प्रत्येक पहलू मे पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है । हाल के घटनाचक्र में इस विषय पर जांच और आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं, अतः कांग्रेस पार्टी की मांग है कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए प्रत्येक योगदान का पारदर्शिता एवं निष्पक्ष लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए और यदि किसी भी प्रकार की आनियमिमता पाई जाती है तो उसके लिए जिम्मेदार लोगो की जवाबदेही सुनिश्चित हो । कार्यक्रम के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन सौपा गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला उपाध्यक्ष भीम कुमार महासचिव सुरजीत नागवाला सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी मुन्ना सिंह बरही विधासभा के पूर्व प्रत्यासी अरूण साहू प्रदेश कॉडीनेटर बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव रेणु कुशवाहा, नवीन कुमार प्रदेश सयुंक्त सचिव डॉ.प्रकाश कुमार प्रदेश पैनलिस्ट सजीद अलीc खान, साकेत सौरव पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, आबिद अंसारी किसान प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक दिगंबर मेहता, रजी अहमद, बिनोद सिंह वरिष्ठ कांग्रेसजन जिला के पदाधिकारीगण नगर अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्षगण प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण शामिल हैं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष मकसूद आलम ने किया ।उक्त जानकारी जिला कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान ने दी ।

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने गिरिडीह के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.08.28)।** नियम तो बड़े सटीक हैं जैसे बैंक गारंटी,शिक्षक का बायोडाटा, 3 साल का ऑडिट इसके अलावा और भी नियम- कानून है यह तो मात्र उदाहरण दिया गया। उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के निर्देशानुसार आज अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, श्री धीरेंद्र कुमार द्वारा शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुपालन, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं तथा कोचिंग संस्थानों के संचालन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेना था।

निरीक्षण के क्रम में विक्रमादित्य क्लासेस, दशरथ मैथेमेटिक्स क्लासेस, राजीव क्लासेस एवं एक्साम गाइडेंस सहित विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया।इस दौरान संस्थानों में विद्यार्थियों का पंजीकरण, ट्यूटर्स/शिक्षकों से संबंधित अभिलेख, कोचिंग सेंटर का पंजीकरण, कक्षाओं की व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं, अध्ययन सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन एवं अन्य आवश्यक मानकों से संबंधित बिंदुओं की जांच की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित संचालकों को निर्देश दिया कि कोचिंग संस्थानों का संचालन निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप ही किया जाए।विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ संस्थान में आवश्यक सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संस्थान संचालकों को सभी आवश्यक अभिलेख एवं दस्तावेज अद्यतन रखने तथा निर्धारित प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि कोचिंग संस्थानों के संचालन में पारदर्शिता, विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा तथा निर्धारित नियमों का अनुपालन प्रशासन की प्राथमिकता है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में संबंधित प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों से अपील की गई है कि वे झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) अधिनियम, 2025 के तहत निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण अध्ययन का वातावरण उपलब्ध कराएं। निरीक्षण का उद्देश्य किसी संस्थान को प्रभावित करना नहीं, बल्कि सभी कोचिंग संस्थानों में निर्धारित मानकों एवं नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना है।

## बगोदर के खम्भरा उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय के छात्रो को मिला अतिरिक्त नये भवन



लोकतंत्र की आवाज

**बगोदर गिरिडीह (झारखंड)।** बगोदर के खंभरा उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, खंभरा के नये भवन का शिलान्यास गुरुवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह शामिल हुए और विद्यालय परिवार एवं बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह के अथक प्रयासों के बाद ही उक्त विद्यालय के नये भवन की स्वीकृति मिली थी। नये भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं सुविधाएँ प्राप्त होंगी।इस नेक पहल से विद्यालय परिवार एवं समस्त छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामना देकर धन्यवाद व्यक्त किया गया ।

## हंटरगंज में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कैंप आयोजित, लाभुकों को दी गई योजना की जानकारी

लोकतंत्र की आवाज़




**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड हंटरगंज (चतरा)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मंगलवार, 25 अगस्त 2026 को हंटरगंज में विशेष जागरूकता एवं आवेदन कैंप का आयोजन किया गया।कैंप का आयोजन ग्रीन वेंचर कंपनी के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में लोगों को योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पात्र परिवारों को अपने घर की छत पर सोलर सिस्टम लगवाने के लिए सरकारी सब्सिडी का लाभ मिल सकता है।योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ घरेलू बिजली खर्च को कम करना और स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित करना है।

कैंप में ममता देवी अध्यक्ष, अविनाश सिन्हा – ग्रीन वेंचर, संजीव कुमार तिवारी – ग्रीन वेंचर, अप्पू कुमार आर्य – भाजपा प्रखंड अध्यक्ष, सुनील सिन्हा – प्रोफेसर, जलंधर सिंह – प्रोफेसर, बृज किशोर सिंह – ग्राम पंचायत खुटी केवाल मुखिया, कमल केसरी – समाजसेवी, वकील खान – वार्ड सदस्य, कौशलेंद्र कुमार सिंह – समाजसेवी, मनोज सिंह – आम जनता, राकेश सिंह, मृत्युंजय सिंह, अरविंद प्रसाद लाल, पीयूष कुमार गुप्ता, शिवनाथ तमोली, विक्रम कुमार, राकेश यादव, मनोज कुमार गुप्ता एवं राजेश भास्कर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों एवं गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया।इस दौरान ग्रामीणों एवं आम लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

आयोजकों के अनुसार आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बिजली बिल एवं पैन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ रखना जरूरी है। इच्छुक लाभुक कैंप में पहुंचकर योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

ग्रीन वेंचर की ओर से डायरेक्टर अविनाश सिंहा ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाने की अपील की गई। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए 72099 92282, 7543021505 एवं 8789667266 पर संपर्क करने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सौर ऊर्जा वर्तमान समय की जरूरत है। पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से आम परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

## बेलचकपी पंचायत मुखिया ललिता देवी ने किया सिमराटांड रोड का उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** बरकट्ठा प्रखंड के बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत सिमराटाँड का मुख्य सड़क जर्जर था टोलावासियो को आवाजाही में परेशानी हो रही थी इसी को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए सड़क निर्माण कार्य कराया गया ।इस कार्य के लिये जनता ने मुखिया ललिता देवी का आभार व्यक्त किया ।

मुखिया ललिता देवी ने कहा की मेरा लक्ष्य गाँव के हर मुख्य रोड एवं गली सहित रोड को पक्का करना हैं पंचायत अंतर्गत विकास करना मेरी प्राथमिकता है शेष बचे विकास कार्य योजना पारित कर लिया गया है आने वाला समय में धरातल पर कार्य सुरु किया जाएगा ।सरकार से माँग करती हू की पूर्व की भाती पंचायत में फण्ड उपलब्ध कराया जाए ताकि विकास हो सके ।उद्घाटन कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय ,रवि गोस्वामी ,रणजीत तिवारी ,सुरेंद्र साव,संजय भुइया ,स्वरूप पांडे ,भागीरथ साव,नंदलाल साव,नरेश ठाकुर ,नकुल तुरी ,गुलाबी नायक ,विशुनधारी नायक,धनेश्वर साव,ज्ञानदीप पांडेय ,राहुल पांडेय ,महेश भुइया ,मोहन भुइया ,रणजीत पांडे ,छोटन पांडे ,सनीचर भुइया ,बद्री भुइया ,कमल तिवारी ,अजीत साव ,भोला भुइया ,शिवशंकर साव,खेदु भुइया ,दिनेश साव,अर्जुन साव,मुनिया देवी , अनीता देवी ,देवेंती देवी ,उर्मिला देवी, दर्शनी देवी , गुड़िया देवी, बासमतिया देवी ,सुनीता देवी, लालमणिया देवी ,आलो देवी ,रीना देवी एवं अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे ।

## नाबालिग से यौन शोषण का आरोप, थाने में दिया आवेदन - जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखण्ड गिद्धौर।** थाना के तिलैया गांव से नाबालिग किशोरी के साथ यौन शोषण का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के परिजनों ने इस संबंध में गिद्धौर थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कीया है।

लिखित आवेदन के अनुसार, आवेदक साबिर अंसारी,पिता - हनीफ अंसारी, ग्राम तिलैया, थाना गिद्धौर, जिला चतरा ने बताया है कि उनकी नाबालिग भतीजी को एक युवक ने बहला-फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया।आरोप है कि आरोपी युवक सुल्तान अंसारी,पिता मईश मियां, ग्राम बरवाडीह,थाना पत्थलगड़ा,जिला चतरा का निवासी है। वह अक्सर पीड़िता के घर आकर उससे मिलता-जुलता था।परिजनों का आरोप है कि शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ गलत काम किया गया है।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी पिछले करीब चार महीनों से पीड़िता से मोबाइल पर लगातार संपर्क में था।परिजनों का कहना है कि जब उन्हें इस पूरे मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने सामाजिक स्तर पर बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया।

इसके लिए लड़के पक्ष और बरवाडीह गांव के लोगों से संपर्क किया गया ।लेकिन लड़के पक्ष द्वारा बातचीत से साफ इनकार कर दिया गया है ।इसके बाद थक-हार कर उन्होंने थाने का रुख किया ।इस संबंध में गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया कि नाबालिग से संबंधित मामले में एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।आवेदन के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।मामला नाबालिग से जुड़ा है।इसलिए POCSO एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद ही आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## जुराबों में छिपे 11 लाख के अफीम का भंडाफोड़ चतरा पुलिस ने पंजाब भेजे जा रहे काले कारोबार की कमर तोड़ी, तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड चतरा(झारखंड)।** चतरा जिले में नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी अनिमेष नैथानी को मिली सटीक गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।

इस टीम में सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, एसआई राहुल सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने एनएच-22 चतरा-गया मुख्य मार्ग स्थित लरकुआ मोड़ के पास घेराबंदी की।इस दौरान पुलिस को देखते ही भाग रहे लावालौंग थाना क्षेत्र के कोलकोले गांव निवासी पवन कुमार को जवानों ने खदेड़कर दबोच लिया। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के पास से दो अलग-अलग मोजों जुराबों में छिपाकर रखी गई करीब 11 लाख रुपये मूल्य की 2.5 किलो (2500 ग्राम) गीली अफीम और यात्रा खर्च के लिए दिए गए 3,150 रुपए नकद बरामद किए गए।

पूछताछ में तस्कर ने कबूल किया कि उसे बिना मोबाइल फोन का इस्तेमाल किए यह खेप पंजाब पहुंचानी थी, जहां किसी खास जगह पर अन्य तस्करों को माल रिसीव कराना था। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने यह बड़ा पर्दाफाश भी किया कि पुलिस की सख्त कार्रवाई से बचने के लिए अब ड्रग माफिया और मुख्य मास्टरमाइंड महिलाओं को मोहरा बना रहे हैं, हालांकि पुलिस अब इस पूरे अंतर्राज्यीय सिंडिकेट और इसमें शामिल सफेदपोशों पर शिकंजा कसने के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में राखी बनाओ, मेहंदी सजाओ एवं वृक्ष रक्षाबंधन का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.08.28)। मुझे लागी लगन मुझे लागी लगन वास्तव में यदि गौर किया जाए तो राखी बनाने एवं मेंहदी लगाने की कला में अपने विद्यार्थी जीवन में ही कला निपुण हो जाए तो फिर रुपए के कारण पढ़ाई बाधित/ उत्पन्न होने वाली समस्या का 100% है यह समाधान करने में सक्षम है। गरीब छात्राओं के लिए संजीवनी के समान कार्य करने में सक्षम होगा । सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में रक्षाबंधन पर्व को लेकर हर्षोल्लास के साथ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कक्षा प्रथम से द्वादश तक की बहनों ने राखियों का निर्माण किया। रंग-बिरंगे धागे, मोती और कागज से बनी आकर्षक राखियों में भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता की झलक दिखी।इसी के साथ विद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता" का भी आयोजन किया गया, जिसमें बहनों ने एक-दूसरे के हाथों पर सुंदर-सुंदर मेंहदी के डिजाइन बनाए। पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार के डिजाइनों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायी क्षण रहा जब बहनों ने अपनी बनाई हुई राखियों को केवल भैया की कलाई पर ही नहीं, बल्कि विद्यालय परिसर के अशोक, अमरूद, तुलसी सहित अन्य पेड़-पौधों को भी बांधा और वृक्ष है तो जीवन है हेतु रक्षा का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य श्री अजित मिश्र जी ने सभी प्रतिभागी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, इस प्रकार के आयोजन से एक ओर जहाँ भैया - बहन अपनी संस्कृति से मजबूती से जुड़ते हैं वहीं भैया-बहनों में कौशल विकास भी होता है।रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं, यह सहयोग, आत्मीयता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है।उन्होंने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं में कक्षाशः उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बहनों को पुरस्कृत किया जाएगा।

शिशु वाटिका में कल्पना दीदी के दिशा-निर्देशन में नन्हीं बहनों ने भैया की कलाई पर राखी बांधी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या बहनें सरिता कुमारी, शालिनी राज, निशा श्रेष्ठ, ममता सिन्हा, सरिता बरनवाल,अनीता कुमारी, मोनालिसा कुमारी, मनीषा पांडेय, गायत्री विश्वकर्मा, मोंटूसी दान, प्रिया विशाखा, सीमा शंघाई, बेबी सरकार , अनीता मिश्रा, मोनिका सिंह,मेनका दीदी,प्रीति कुमारी सहित समस्त विद्यालय परिवार की सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भभुआ : बसपा की रामगढ़ विधान सभा स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



**भभुआ, कैमूर**– बहुजन समाज पार्टी रामगढ़ विधान स्तरीय समीक्षात्मक बैठक दुर्गा मंदिर धर्मशाला में जिला अध्यक्ष अयोध्या कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन गोरख सम्राट ने किया। सर्वप्रथम संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर एवं मान्यवर कांशीराम साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव सह एडवोकेट राम एकबाल राम रहे। उन्होंने विधानसभा स्तर के कार्यकर्ताओं से समीक्षा रिपोर्ट ली और कहा कि बसपा की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करें। सुग्रीव गुप्ता, नंदू भारती, समीम अख्तर हुसैन , हंसराज भारती, मोहन राम, हीरा यादव, छोटेलाल राम, मनीष राम, लालजी राम, भगवान राम, ललन राम, राजेन्द्र यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुर्गावती में कार से 42 लीटर शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार मचखियां के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गावती** । थाना क्षेत्र के मचखियां के पास गुरुवार की देर रात वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक कार से 42 लीटर देसी–विदेशी शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के वुडवलिया गांव निवासी ईशामुल हक, पिता ईशा अंसारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दुर्गावती पुलिस मचखियां के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक चार पहिया वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 42 लीटर देसी–विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और कार को जब्त करते हुए मौके से ईशामुल हक को गिरफ्तार कर लिया। दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान कार से 42 लीटर देसी–विदेशी शराब बरामद की गई है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का अटूट बंधन पर -संतोष कुमार



**भभुआ कैमूर।** बहुजन समाज पार्टी बिहार प्रदेश स्टेट प्रभारी संतोष कुमार ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन केवल धागे का त्योहार नहीं, बल्कि भाई–बहन के प्रेम, विश्वास और आपसी सम्मान का पर्व है। यह त्योहार हमें एक–दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने तथा समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। संतोष कुमार ने कहा कि रक्षा बंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि बहनों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होने का भी अवसर है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि बहनों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का वास्तविक संदेश तभी सार्थक होगा, जब समाज में बेटियों और महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना व्यवहार में दिखाई दे। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के सामाजिक महत्व पर चर्चा की गई और आपसी प्रेम, सम्मान, भाईचारे तथा नारी सम्मान की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

# बीडीओ की पहल से खराटी में चार दिनों से चल रहा भूख हड़ताल समाप्त

लोकतंत्र की आवाज




**चांद (कैमूर)।** चांद प्रखंड अंतर्गत खराटी गांव में ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर पिछले चार दिनों से चल रहे भूख हड़ताल का को प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद हदीद खान की पहल पर शांतिपूर्ण समाधान हो गया। बीडीओ स्वयं मौके पर पहुंचे और अनशन पर बैठे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। भूख हड़ताल पर बैठे हीरन यादव से बीडीओ ने काफी देर तक बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों की परेशानी, विशेषकर बरसात के दिनों में सड़क पर जलजमाव एवं आवागमन में होने वाली कठिनाइयों को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। बीडीओ ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर आवश्यक सर्वे का कार्य पूरा किया जा चुका है। वर्तमान में बरसात एवं जलजमाव के कारण तत्काल पक्की सड़क का निर्माण संभव नहीं है। हालांकि, बारिश का मौसम समाप्त होते ही ग्रामीणों को आवागमन में राहत देने के लिए संबंधित स्तर से मोरम बिछाने का कार्य कराया जाएगा, ताकि सड़क पर आवागमन सुगम हो सके।

उन्होंने ग्रामीणों को यह भी आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण की आगे की प्रक्रिया में डीपीआर तैयार करने एवं टेंडर की प्रक्रिया पूरी करायी जाएगी तथा नियमानुसार आवश्यक स्वीकृतियों के बाद सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। बीडीओ की बातों और आश्वासन से संतुष्ट होकर अनशनकारी हीरन यादव ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी। इस दौरान प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सकारात्मक संवाद देखने को मिला। ग्रामीणों ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि वर्षों से चली आ रही सड़क की समस्या का स्थायी समाधान जल्द होगा। वहीं, बीडीओ मोहम्मद हदीद खान ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान संवाद, संवेदनशीलता और नियमानुसार कार्रवाई के माध्यम से करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस पहल से न केवल चार दिनों से चल रहा भूख हड़ताल समाप्त हुआ, बल्कि ग्रामीणों और प्रशासन के बीच विश्वास एवं सहयोग का माहौल भी मजबूत हुआ।



## मध्य विद्यालय भेकास में रक्षा बंधन पर्व पर जागरूकता कार्यक्रम



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर**- मध्य विद्यालय भेकास, भभुआ में आज चेतना सत्र के दौरान प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय एवं शारीरिक शिक्षक डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने छात्राओं को रक्षा बंधन पर्व के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और आपसी सम्मान का पर्व है। यह त्योहार हमें एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने तथा समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। शारीरिक शिक्षक डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षा बंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि बहनों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होने का भी अवसर है। आज की छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनना चाहिए। स्वस्थ शरीर, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का ज्ञान प्रत्येक बालिका के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं को नियमित व्यायाम, योग एवं खेलकूद में भाग लेने तथा विपरीत परिस्थितियों में साहस और संयम बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्राओं को सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है। रक्षा बंधन का वास्तविक संदेश तभी सार्थक होगा, जब समाज में बेटियों और महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना व्यवहार में दिखाई दे। इस अवसर पर छात्राओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के सामाजिक महत्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने आपसी प्रेम, सम्मान, भाईचारे तथा नारी सम्मान की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस मौके पर शिक्षक/ शिक्षिका, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## भभुआ : बसपा की भभुआ विस समीक्षा बैठक सम्पन्न, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का निर्णय

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ, कैमूर**- बहुजन समाज पार्टी भभुआ विधानसभा की समीक्षात्मक बैठक संत शिरोमणि रविदास सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पितांबर कुमार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश बसपा महासचिव सह प्रत्याशी विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल रहे। सर्वप्रथम संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर बहन कुमारी मायावती जी के हाथों को मजबूत करना है। बैठक में बिक्रमा खरवार, मिशन गायक टुना बैरागी, कोषाध्यक्ष अली हुसैन, गणेश राम पूर्व जिला अध्यक्ष, विक्रम खरवार जिला कार्यकारिणी सदस्य, परमहंस राम विस प्रभारी, सुदामा माली विस सचिव, श्री भगवान राम विस उपाध्यक्ष, ईश्वर दयाल राम प्रखंड अध्यक्ष रामपुर, रामेश्वर राम प्रखंड सचिव रामपुर, जोखू राम महासचिव भभुआ, विजय कुमार राम पूर्व जिला अध्यक्ष कैमूर, प्रदीप कुमार, अरविन्द कुमार, रवि कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कैमूर : चैनपुर में बसपा का हुआ समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**चैनपुर(कैमूर)** । बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक चैनपुर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार एवं संचालन विधानसभा महासचिव सिया राम दिनकर ने किया। बैठक का शुरूआत सबसे पहले भीमराव अम्बेडकर एवं स्वर्गीय कांशी राम के तैले चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद पार्टी के मजबूती को लेकर को कई घंटों तक मंथन किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि इसमें विधानसभा, प्रखण्ड कमिटी और सेक्टर कमिटी का समीक्षा किया गया। और इसके अलावा निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखण्ड से तीन तीन इश बनाया जायेगा। जिसको लेकर सभी प्रखण्ड अध्यक्ष को इसका जानकारी दिया गया। बैठक के अंत में बताया गया कि पार्टी के मजबूती के लिए सभी को एक जुट होकर आगे आना पड़ेगा। तभी पार्टी मजबूत होगा। और लोकसभा चुनाव में अधिक से संख्या में सीट लियाकर पार्टी को मजबूत करें और बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनाया जाएं। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश महासचिव एवं जोन प्रभारी विश्वभर नाथ यादव और विशिष्ट अतिथि में जिला सचिव संतोष राम , कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र कैमूरी ने भाग लिया। इस मौके पर चैनपुर , चांद, भगवानपुर, अधौरा के प्रखण्ड अध्यक्ष के अलावा बनारसी राम, सुब्बा राम, बालचंद बिंद, आनंद कुमार दिनकर, रमेश राम, करिम अंसारी, रफिक हाशमी , सुरेन्द्र राम, जोखन राम सहित अन्य कार्यकताओं उपस्थित थे।

## मोहनिया में मिठाई व खाद्य दुकानों पर एसडीएम का छापा, खाद्य सुरक्षा और साफ-सफाई की जांच: खामियां मिलने पर एसडीएम रत्ना प्रियदर्शनी ने दी सख्त चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** प्रशासन ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी के नेतृत्व में शहर की विभिन्न मिठाई और खाद्य दुकानों पर सघन छापेमारी व जांच अभियान चलाया गया। जांच के संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि प्रशासन द्वारा कुल 9 स्थानों पर दुकानों की गुणवत्ता, साफ-सफाई और खाद्य मानकों की बारीकी से जांच की गई है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश बड़ी दुकानें सफाई और नियमों के मानकों का पालन कर रही हैं, तथा वहां खाद्य सामग्री की गुणवत्ता भी ताज़ा और सही पाई गई है।

हालांकि, जांच के दौरान कई दुकानों में कर्मचारियों द्वारा हेयर कैप (सिर ढकने वाली टोपी) और ग्लव्स (दस्ताने) का उपयोग न करने जैसी कमियां सामने आईं। इस पर प्रशासन ने संबंधित दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए हैं और जल्द से जल्द इन नियमों का पालन करने की हिदायत दी है। इसके अलावा जिन दुकानों के पास वैध लाइसेंस नहीं था या जो मौके पर लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके, उन्हें नोटिस जारी कर जल्द से जल्द लाइसेंस उपलब्ध कराने को कहा गया है। एसडीएम ने खुले में बिक्री करने वाले ठेले और रेहड़ी विक्रेताओं को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे खुले में मिठाइयां और खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं, जिन पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। हाइजीन (सफाई) का पालन न करने वाले ऐसे विक्रेताओं पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई है कि खाद्य सामग्रियों को ढककर ही बेचें, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## राखी प्रतियोगिता: उ.म.वि. बगाढ़ी में बच्चों ने बिखेरे कला के रंग, बनाईं आकर्षक राखियां, सांस्कृतिक गतिविधियों से निखरती है बच्चों की प्रतिभा: कृष्णा राठौर

लोकतंत्र की आवाज

**रामगढ़ (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगाढ़ी में गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर राखी प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने रेशमी धागों, मोतियों और रंग-बिरंगी सजावटी सामग्रियों के माध्यम से एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां तैयार कीं। बच्चों की इस रचनात्मकता ने शिक्षकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के शिक्षक कृष्णा राठौर ने कहा कि पठन-पाठन के साथ-साथ इस तरह के आयोजनों से बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा उजागर होती है। सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास और कल्पनाशक्ति को मजबूत बनाती हैं, साथ ही उन्हें अपनी समृद्ध भारतीय परंपराओं एवं संस्कृति से जोड़े रखती हैं। इस अवसर पर बच्चों को रक्षाबंधन के सामाजिक महत्व, आपसी प्रेम, भाईचारे और परस्पर सम्मान की भावना को बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण विद्यालय परिसर उत्सव के माहौल में डूबा रहा। मौके पर प्रधान शिक्षिका अनीता कुमारी, शिक्षिका रंभा देवी, भागमनी देवी, रीमा कुमारी सहित विद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।



# भभुआ : नेपाल जल त्रासदी पर कुर्मी महासभा ने जताया शोक, 2 मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ, कैमूर**-नेपाल में आई भीषण जल त्रासदी को लेकर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से केंद्रीय कार्यालय भभुआ में शोक सभा एवं आपात बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय प्रकाश नारायण सिंह ने की।

**शोक प्रस्ताव एवं मौन:** बैठक के प्रारंभ में नेपाल में बाढ़, भारी वर्षा और भूस्खलन से काल-कवलित हुए सैकड़ों निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन:** राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नारायण सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत और नेपाल का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से अटूट संबंध रहा है। नेपाल के नागरिकों का दुख हमारा अपना दुख है। उन्होंने महासभा की सभी प्रदेश एवं जिला इकाइयों से मानवीय सहायता और राहत प्रयासों में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

**यह निर्णय लिया गया**

1. महासभा द्वारा सर्वसम्मति से पीड़ितों की सहायता हेतु 'नेपाल जल त्रासदी राहत कोष' स्थापित करने की अपील की गई।
2. केंद्र सरकार और आपदा राहत एजेंसियों से आग्रह किया गया कि नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ पड़ोसी मित्र राष्ट्र को हर स्तर पर त्वरित राहत और बचाव कार्य में सहयोग दिया जाए।

बैठक में ई. कृपा शंकर सिंह, डॉ. राकेश कुमार सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, हरित सिंह अधिवक्ता, राजा जय कृष्णा चंद, सत्येन्द्र नारायण सिंह अधिवक्ता, मुरारी प्रसाद सिंह, राजू सिंह उर्फ जगदीश सिंह, महेंद्र सिंह, डॉ. राज कुमार पटेल, रंजय कुमार सिंह, धीरेन्द्र नारायण सिंह अधिवक्ता, मनोज कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, रामधनी सिंह, रमाकांत सिंह, बसावन सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, विवेक पटेल, नीरज पटेल, आशुतोष कुमार सिंह, रामानुज पटेल, श्रवण कुमार सिंह प्रधान, चतुर्भुज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर, में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़:** विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर, बंदीपुर रामगढ़ में आज रक्षाबंधन का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट स्नेह के गीतों व भजनों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया-बहनों ने रक्षाबंधन के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए एक-दूसरे को राखियाँ बांधी। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा और सम्मान का संकल्प लिया। इस दौरान भैया-बहनों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुमधुर भाई भजनों ने वहां मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया और पूरा वातावरण भक्तिमय तथा भावुक हो उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव रंजन सहित विद्यालय परिवार के सभी आचार्य व दीदी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राजीव रंजन ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व के पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी और भारतीय संस्कृति व संस्कारों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिवार के अन्य आचार्यों ने भी बच्चों के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर फल वितरण कार्यक्रम आयोजित



लोक तंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना

टोंक/उनियारा। पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर तहरीक उलमा–ए–हिन्द की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उनियारा एवं चेतना विशेष आवासीय विद्यालय, उनियारा में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर तहरीक उलमा–ए–हिन्द के वाइस प्रेसीडेंट मौलाना अरबाज़ रज़ा क़ादरी मुजद्दीदी ने कहा कि पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब का आगमन दुनिया में अमन, शांति, भाईचारे और मानवता की स्थापना के लिए हुआ। उन्होंने कहा कि पैगम्बर–ए–इस्लाम सम्पूर्ण मानव जाति के लिए रहमत बनकर आए और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को प्रेम, सद्भाव एवं इंसानियत का संदेश देती हैं। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों तथा चेतना विशेष आवासीय विद्यालय में बच्चों सहित जरूरतमंद लोगों को फल वितरित किए गए। आयोजन के माध्यम से सेवा, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर तहरीक के कार्यकर्ता तोसिफ क़ादरी, आफताब रज़ा, इम्तियाज़ रज़ा, असलम खान, परवेज़ सारण, अब्दुल सत्तार क़ादरी, शाहरूख खान, इमरान खान एवं एडवोकेट आरिफ अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### पीरपैंती से बाखरपुर जाने वाला दियारा का जीवन रेखा कहा जानेवाला चौखंडी पुल खतरे में



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती से बाखरपुर जाने वाला दियारा क्षेत्र का लाइफ लाइन कहा जाने वाला चौखंडी पुल एक बार फिर बाढ़ के पानी से सराबोर हो गया।पुल निर्माण चालू हो गया है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि पानी का तेज बहाव रोड़ा बना हुआ है। बाबूपुर, बाखर पुर, सहित आसपास के गांवों का जीवन रेखा है। ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि पुल के निर्माण और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।दियारा का लाइफ लाइन है लाखों लोगों का इस रास्ते से आना जाना है।

### पकरीबरावां के साकिर अहमद एचसीएल में बने वैज्ञानिक



लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के चमन मोहल्ला के रहने वाले साकिर अहमद ने भारत सरकार के एचसीएल में जीईओ वैज्ञानिक बने हैं। साकिर ने मार्च 2026 में गेट की परीक्षा में सफलता पाई है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 119 प्राप्त हुई थी। उन्होंने एएमयू अलीगढ़ से जियोलॉजी में स्नातक की है। आईआईटी धनबाद से की है। उनकी सफलता पर मोहल्ले में खुशी है। लोगों ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि साकिर के बड़े भाई डॉ. तनवीर अहमद आईआईटी धनबाद से बीटेक, एमटेक एवं पीएचडी करने के बाद आईआईएफटी में प्रोफेसर हैं। उनके भाई डॉ. तौकीर शहंशाह एमबीबीएस, एमडी, डीएनबी इन कार्डियोलॉजी हैं और कोलकाता के सरकारी हॉस्पिटल में सीनियर मेडिकल ऑफिसर हैं। इनके एक और भाई डॉ. साकिब अहमद एमबीबीएस, डीएमआरडी हैं। बिहार सरकार के हॉस्पिटल में मेडिकल ऑफिसर हैं। डॉ तौकीर शहंशाह की पत्नी डॉ. हफ़सा तबस्सुम एमबीबीएस, डिजिओ हैं और कोलकाता के सरकारी हॉस्पिटल में मेडिकल ऑफिसर हैं। साकिर की बड़ी बहन पाकीजा प्रवीण प्रधान शिक्षिका हैं।

### गांव में मरघट न होने के कारण ग्रामीणों ने मचाया बवाल



लोक तंत्र की आवाज

कोंच जालौन। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ब्यौना रियासत में श्मशान घाट की व्यवस्था नहीं होने से गुरुवार की सुबह ग्रामीणों का आक्रोश उस समय सामने आ गया जब अंतिम संस्कार के लिए परेशान ग्रामीण मृतक के शव को ट्रैक्टर में रखकर ग्राम प्रधान के घर पहुँच गए दर्जनों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के दरवाजे पर शव रखकर जमकर नारेबाजी की और गाँव में श्मशान घाट की व्यवस्था कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव में श्मशान घाट नहीं होने के कारण किसी की मौत होने पर अंतिम संस्कार के लिए दूसरे गाँव जाना पड़ता है। इससे ग्रामीणों और मृतक के परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लंबे समय से नाराजगी बनी मृतक के शव को प्रधान के घर के बाहर रखकर प्रदर्शन किए जाने की सुचना से गाँव में हड़कंप मच गया मृतक के परिजनों ने मामले की जानकारी एसडीएम को दी सूचना के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए दूसरे गाँव के श्मशान घाट ले गए हमारे घर गाँव में कोई व्यवस्था नहीं है श्मशान घाट दो–दो जगह पड़ी है पर उधर कोई भी व्यवस्था नहीं है कि बारिश में जला सकें ।

# आरक्षण और यूजीसी बिल के विरोध में जालौन में सवर्ण समाज, के लोगों ने विशाल तिरंगा जुलूस निकाल कर किया प्रदर्शन

लोक तंत्र की आवाज




जालौन । 'आरक्षण हटाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत सवर्ण समाज के लोगों ने जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया यू जी सी बिल का विरोध किया आरक्षण हटाओ आरक्षण को जातिगत के बजाय आर्थिक आधार पर लागू करने और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के विवादित बिल को वापस लेने की मांग को लेकर सवर्ण समाज ने जोरदार प्रदर्शन किया। विभिन्न सामाजिक व छात्र संगठनों के संयुक्त नेतृत्व में निकाले गए इस विशाल तिरंगा जुलूस से पूरा नगर गूंज उठा। प्रदर्शनकारी हाथों में तिरंगा और तख्तियां लेकर 'आरक्षण आर्थिक आधार पर हो' और 'काला कानून वापस लो' के नारे लगाते हुए सड़कों पर उतरे।

**गांधी स्मारक से शुरू होकर देवनगर चौराहे पर संपन्न हुआ जुलूसः** प्रदर्शन से पूर्व बड़ी संख्या में लोग बस स्टैंड स्थित गांधी स्मारक पर एकत्र हुए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद तिरंगा जुलूस का शुभारंभ किया गया।

जुलूस का मार्गः गांधी स्मारक से शुरू होकर यह जुलूस झंडा चौराहा, फुटकर सब्जी मंडी, बिजलीघर पानी की टंकी और तहसील रोड होते हुए कांजी हाउस के रास्ते देवनगर चौराहा पहुंचा।

समापनः देवनगर चौराहे पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जुलूस का समापन किया गया।

**प्रमुख संगठनों का रहा संयुक्त नेतृत्वः** इस विशाल प्रदर्शन का नेतृत्व श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट), विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण व्यवस्था में तत्काल सुधार कर इसे आर्थिक आधार पर लागू किया जाना चाहिए, ताकि सभी वर्गों के वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके और योग्यता की उपेक्षा न हो।

**ये प्रमुख लोग रहे मौजूदः** जुलूस में मुख्य रूप से करणी सेना जिलाध्यक्ष प्रवेंद्र सिंह सेंगर, भाकियू भानू गुट जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह तोमर, हाईकोर्ट अधिवक्ता विनय निगम, विहिप नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, बजरंग दल नगर संयोजक मानवेंद्र सिंह, एबीवीपी तहसील संयोजक स्वयं गोस्वामी, पुष्पा राजावत, राजवीर सिंह राजावत, अभय सिंह राजावत, रजनीश पांडेय, राजेश कुशवाहा, सुशील कुमार, संदीप शर्मा, सुदर्शन शुक्ला, रघुवीर सिंह, अरुण कुमार, अमर दीक्षित, विजय बहादुर सिंह और नरेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में युवा व नगरवासी उपस्थित रहे।

## हरियालो राजस्थान अभियान को लेकर शिक्षा विभाग के सख्त निर्देश, पौधों की जियो-टैगिंग से होगी निगरानी

लोक तंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/बीकानेर ।** हरियालो राजस्थान अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के निदेशक ललित कुमार ने सभी संभागीय संयुक्त निदेशकों एवं संबंधित शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

गुरूवार, 27 अगस्त 2026 को जारी आदेश में विद्यालयों में पौधारोपण, पौधों की जियो-टैगिंग, स्वच्छता एवं हरित वातावरण के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार लगाए गए पौधों एवं वृक्षों की जियो-टैगिंग कर आंकड़ों का प्रमाणीकरण किया जाएगा तथा प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए जियो-टैगिंग को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा गया है।इससे पौधों की लोकेशन और उनके रखरखाव की निगरानी को डिजिटल माध्यम से मजबूत किया जा सकेगा।

**विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान पर जोरः** शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों में विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।इसमें विद्यालयों की स्वच्छता, साफ-सफाई, वृक्षारोपण तथा मौजूदा हरियाली के रखरखाव को शामिल किया गया है। आदेश में 'हर विद्यालय–हरित विद्यालय' की अवधारणा के तहत प्रत्येक विद्यालय को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाने पर जोर दिया गया है। इसके लिए अधिकाधिक पौधारोपण के साथ लगाए गए पौधों का उचित रखरखाव और उनकी जीवितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देशः** निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित कराने तथा अभियान की जिलेवार प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में संबंधित अधिकारियों से अपने क्षेत्राधिकार के अनुसार निर्देश जारी कर उनकी अक्षरशः पालना कराने को कहा गया है। वहीं, आदेश की पालना रिपोर्ट प्रत्येक 14 दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों एवं ब्लॉक संदर्भ केंद्र प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान की निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।हरियालो राजस्थान अभियान में पौधारोपण के साथ पौधों को जीवित रखने और नियमित निगरानी पर भी सरकार का जोर है।

**राजकीय एवं निजी विद्यालयों तक निर्देशः** आदेश में संबंधित अधिकारियों को राज्य के विद्यालयों में इन दिशा-निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित कराने तथा आवश्यक मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्वच्छता के साथ विद्यालय आने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत



**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में गुरुवार को चेतना सत्र के दौरान साफ- सुथरा यूनिफॉर्म, जूते पहनकर एवं स्वच्छता के साथ विद्यालय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार की उपस्थिति में अभिभावकों के हाथों बच्चों को सम्मानित कराया गया। अभिभावकों ने कहा कि इससे बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है और वे स्वच्छता के साथ विद्यालय आते हैं। इस अवसर पर वरीय शिक्षक मो.अख्तर, रेखा कुमारी, मो. सोहराब कुरैशी, फरहत जहां आदि उपस्थित थे।

## दिन रात हो रही बारिश से खेतों में जलभराव से फसलें हुईं बर्बाद

लोक तंत्र की आवाज



▪ **पानी निकासी न होने से खरीफ की फसलें सड़ीं, मलंगा नाले के रपटे पर एक मीटर ऊपर पानी बहने से ग्रामीणों को लगाना पड़ रहा 8 किलोमीटर का चक्कर; डीएम से लगाई गुहार।**

**जालौन।** पिछले कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक तरफ जलभराव और निकासी की व्यवस्था न होने से खेतों में खड़ी फसलें सड़ने लगी हैं, तो दूसरी तरफ उफनते नाले के कारण कई गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट गया है।

**खेतों में जलभराव से फसलें सड़ीं, अगली बुआई पर भी संकटः** सावन में अच्छी बारिश होने पर किसानों को बाजरा, तिल, मक्का, ज्वार और मूंगफली की अच्छी पैदावार की उम्मीद थी।लेकिन लगातार बारिश और समतल खेतों से पानी निकासी का उचित प्रबंध न होने से मौजा रूरा जति कुंवरपुरा और पमा सिकरी राजा सालाबाद सहित आसपास के खेतों में लबालब पानी भर गया है।

**फसलों का नुकसानः** कम लागत में तैयार होने वाली तिल सहित अन्य फसलें पानी में डूबने से सड़ने लगी हैं, जिससे किसानों की लागत डूबने की चिंता बढ़ गई है।

**आगामी बुआई प्रभावितः** खेतों में पानी जमा रहने से अगली रबी फसल की बुआई समय पर न होने की आशंका है।

**किसानों की मांगः** किसान संजीव द्विवेदी, राजीव द्विवेदी, प्रखर द्विवेदी, मेघा द्विवेदी, हेमवती नंदन, विवेक निरंजन, महेंद्र पाल, दिलीप विश्वकर्मा, प्रदीप निरंजन, शिवपाल सिंह और रामकुमार बाथम ने जिलाधिकारी से खेतों के पानी की निकासी के लिए नाली बनवाने और बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**मलंगा नाले का रपटा डूबा, जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर ग्रामीणः** विकासखंड के ग्राम प्रतापपुरा और माहिया खास के बीच स्थित मलंगा नाले का रपटा पुल नाले में उफान आने से पूरी तरह डूब गया है। रपटे के ऊपर से करीब एक मीटर पानी बह रहा है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है।

**प्रभावित गांवः** प्रतापपुरा और माहिया खास के अलावा भदवा, जीपुरा, सहाव और सींगपुरा गांवों के लोग तहसील मुख्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**अतिरिक्त फेरः** संपर्क मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को बाजार, अस्पताल और तहसील जाने के लिए 5 से 8 किलोमीटर का लंबा चक्कर काटना पड़ रहा है। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाना गंभीर चुनौती बन गया है।

**स्थायी समाधान की मांगः** ग्रामीण कमलेश, अशोक, महेंद्र सिंह, राजकुमार आदि ने बताया कि हर साल बारिश में यह रपटा डूब जाता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से रपटे के स्थान पर ऊंचा पक्का पुल बनवाने की मांग की है।


## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पलाई की दीवार गेट पर विद्या संबल योजना की चस्पा सूचना पर सवाल

लोक तंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/उनियारा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलाई, ब्लॉक उनियारा में विद्या संबल योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को लेकर विद्यालय के बाहर चस्पा की गई सूचना व आवेदन नहीं लेने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चस्पा किए गए सूचना पेज में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाद ही आवेदन लिए जाने की बात कही गई है, लेकिन उक्त पेज पर विद्यालय की मोहर, प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर, डिस्पैच नंबर एवं दिनांक जैसे आवश्यक विवरण दिखाई नहीं दे रहे हैं।

**प्रमाणित आदेश नहीं होने से बढ़ा असमंजसः** आवेदकों का कहना है कि चस्पा सूचना से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह सूचना किस विद्यालय के लिए जारी की गई है तथा




▪ **न विद्यालय की मोहर, न प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर, न डिस्पैच नंबर; आवेदकों में असमंजस**

किस आदेश एवं दिनांक के आधार पर इसे चस्पा किया गया है। यदि यह विद्यालय प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचना है तो उस पर संबंधित विद्यालय की प्रमाणिकता स्पष्ट होना आवश्यक है, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का भ्रम न रहे।

**आवेदन प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों में असमंजसः** विद्या संबल योजना के तहत आवेदन करने की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सूचना की प्रमाणिकता स्पष्ट नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्हें आवेदन प्रक्रिया शुरू होने की तिथि, अंतिम तिथि तथा आवेदन लेने के संबंध में जारी आधिकारिक आदेश की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए।

**प्रशासन से प्रमाणित सूचना सार्वजनिक करने की मांगः** मामले में ग्रामीणों एवं अभ्यर्थियों की ओर से शिक्षा विभाग से मांग की जा रही है कि विद्यालय में चस्पा की गई सूचना के संबंध में स्थिति स्पष्ट की जाए। साथ ही संबंधित आदेश की प्रमाणित प्रति सार्वजनिक की जाए, जिसमें विद्यालय की मोहर, सक्षम अधिकारी/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर, डिस्पैच क्रमांक एवं दिनांक सहित आवश्यक विवरण उपलब्ध हों।

**विद्यालय का पक्ष जानने का प्रयासः** ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर मीडिया कर्मी द्वारा पलाई नोडल पीईईओ एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलाई की प्रधानाचार्या श्रीमती गीता मीणा से चस्पा की गई सूचना एवं आदेश के संबंध में पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। हालांकि, उनके द्वारा फोन कॉल अटेंड नहीं किया गया। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

**बिना प्रमाणित आदेश की सूचना पर सवालः** अब सवाल यह है कि विद्यालय परिसर के बाहर चस्पा सूचना यदि आधिकारिक प्रक्रिया से संबंधित है, तो उसमें प्रमाणिकता दर्शाने वाले आवश्यक विवरण क्यों नहीं हैं? शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा स्थिति स्पष्ट किए जाने से ही आवेदकों के बीच बनी असमंजस की स्थिति दूर हो सकेगी।

## कभी भी खतरा दे सकता है सुखा पेड़



**लोकतंत्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** एनएच–133 किनारे सीमानपुर मोड़ स्थित रेजोनेंट पब्लिक स्कूल के पास बड़ा सूखा पेड़ हादसे को आमंत्रण दे रहा है। यह सड़क बिहार झारखंड की जोड़ता है।इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली वाहन भी गुजरते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, तेज हवा चलने पर सूखा पेड़ हिलने लगता है। पेड़ धीरे–धीरे सड़क की ओर झुकता जा रहा है। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। लेकिन अब तक पेड़ को हटाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पेड़ नहीं हटाया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावा पीरपैंती बाजार से स्टेशन जाने वाली सड़क पर तड़वा गांव के पास भी सड़क किनारे कई पेड़ सूख चुके हैं। प्रखंड कार्यालय परिसर में ट्रायशम भवन के पास भी एक सूखा पेड़ है।ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के अधिकारी इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन सूखे पेड़ों पर उनकी नजर नहीं पड़ती है। ग्रामीणों ने सड़क किनारे सूखे पेड़ों को हटाने की मांग की है।

## उनियारा नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू-पहले दिन नहीं आया कोई पर्चा

लोक तंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/उनियारा।** राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव 2026 को लेकर गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। इसी क्रम में उनियारा नगर पालिका क्षेत्र में भी चुनावी प्रक्रिया ने औपचारिक रूप से रफ्तार पकड़ ली है। हालांकि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया।

निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम के अनुसार रक्षाबंधन के चलते 28 अगस्त को निर्वाचन कार्यालय बंद रहेगा, जबकि 29 और 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।30 अगस्त को रविवार होने के कारण अवकाश रहेगा। इसके बाद 1 सितंबर को प्राप्त



नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी।

3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम समय सीमा रहेगी। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 4 सितंबर को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के नगरीय निकायों में सदस्य पदों के लिए नामांकन

▪ **29 और 31 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक दाखिल होंगे नामांकन**

की अंतिम तिथि 31 अगस्त और चुनाव चिन्ह आवंटन की तिथि 4 सितंबर निर्धारित है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही उनियारा में संभावित प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। विभिन्न वार्डों में टिकट के दावेदारों की सक्रियता बढ़ने के साथ ही आने वाले दिनों में चुनावी तस्वीर और स्पष्ट होगी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (रिटर्निंग अधिकारी, नगर पालिका) (एसडीएम उनियारा) सुमन गुर्जर ने नामांकन प्रक्रिया एवं निर्धारित चुनाव कार्यक्रम की यह जानकारी दी गई हैं।

## पागड़ी मोड़ के पास रपट में पलटा एलएनटी मशीन से भरा ट्रेलर-गम्भीर घायल चालक की उपचार के दौरान मौत

लोक तंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/उनियारा।** जिले के उनियारा थाना क्षेत्र में पागड़ी मोड़ के समीप मंगलवार शाम को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रपट से गुजरते समय एलएनटी मशीन लेकर जा रहा ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर पानी में पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए पानी में उतरकर चालक को ट्रेलर से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान बुधवार को टोंक में चालक की मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार ब्यावर निवासी खम्मन सिंह पुत्र कर्ण सिंह ट्रेलर में एलएनटी मशीन लेकर जा रहा था। पागड़ी मोड़ के पास रपट से गुजरते समय अचानक ट्रेलर का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते ट्रेलर पानी में पलट गया और उसके साथ उसमें लदी एलएनटी मशीन भी पानी में जा गिरी।

**ग्रामीणों ने पानी में उतरकर बचाई चालक की जानः** हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना देख आसपास मौजूद लोग तत्काल मदद के लिए पहुंचे और पानी में उतरकर ट्रेलर में फंसे चालक खम्मन सिंह को घायल अवस्था में सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद निजी साधन से उसे उनियारा चिकित्सालय पहुंचाया गया। चालक की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए टोंक रेफर कर दिया। परिजन एवं अन्य लोग घायल चालक को टोंक लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान बुधवार को खम्मन सिंह ने दम तोड़ दिया।

**पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपाः** ट्रेलर चालक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर उनियारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

**रपट की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवालः** हादसे के बाद पागड़ी मोड़ के समीप स्थित रपट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि रपट से वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में रपट के आसपास पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम, चेतावनी संकेतक और आवश्यक बैरिकेडिंग की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से रपट का निरीक्षण करवाकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा पर्याप्त चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।